www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

मौसम
अधिकतम - 32°c
न्यूनतम - 26°c

दैनिक
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
अनोखा तीर
निशाने पर हर खबर

20 अगस्त 2022
हरदा, शनिवार
वर्ष-12, अंक- 74, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
भादो कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत् 2079

ग्वालियर में राधा-कृष्ण ने पहने 100 करोड़ के गहने

- **सिंधियाकालीन गोपाल मंदिर में जन्माष्टमी पर हीरा, पन्ना, माणिक, पुखराज से सजे थे भगवान**

ग्वालियर (एजेंसी)। जन्माष्टमी पर ग्वालियर के गोपाल मंदिर में भगवान राधा-कृष्ण ने 100 करोड़ के गहने पहने हुए थे। सिंधिया रियासत के समय के इन गहनों में सोना, हीरा, नीलम, पन्ना, माणिक और पुखराज जैसे बेशकीमती रत्न जड़े हैं। यह गहने एंटिक हैं। मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। फूल बाग चौराहे के पास स्थित गोपाल मंदिर में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यहां करीब 200 जवान तैनात किए गए हैं।

माधवराव सिंधिया प्रथम ने की थी मंदिर की स्थापना- गोपाल मंदिर की स्थापना 1921 में ग्वालियर रियासत के तत्कालीन शासक माधवराव सिंधिया प्रथम ने की थी। उन्होंने भगवान की पूजा के लिए चांदी के बर्तन और पहनाने के लिए रत्न जड़ित सोने के आभूषण बनवाए थे। इनमें राधा-कृष्ण के 55 पन्ना जड़ित सात लड़ी का हार, सोने की बांसुरी, सोने की नथ, जंजीर और चांदी के पूजा के बर्तन हैं। हर साल जन्माष्टमी पर इन जेवरातों से राधा-कृष्ण का शृंगार किया जाता है।

साल 2007 से लगातार हो रहा है शृंगार

देश की आजादी से पहले तक भगवान इन जेवरातों धारण किए रहते थे, लेकिन आजादी के बाद से जेवरात बैंक के लॉकर में रखवा दिए गए। जो 2007 में नगर निगम की देखरेख में आए और तब से लेकर हर जन्माष्टमी पर इन्हें लॉकर से निकाला जाने लगा।

महिला किसान की प्राकृतिक खेती देखकर खुश हुए केंद्रीय मंत्री

प्रभारी मंत्री के साथ देखी केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत

दैनिक अनोखा तीर, छिन्दवाड़ा।

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह शुक्रवार को छिंदवाड़ा के इमलीखेड़ा स्थित एफडीडीआई आडीटोरियम में आयोजित केंद्र शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए और जिले भर से आए विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री और छिन्दवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल व राज्य सभा सदस्य श्रीमती कविता पाटीदार ने भी सहभागिता की। जिनसे विभिन्न हितग्राहियों ने मंच से अपने अनुभवों को साझा भी किया।

इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को मिल रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की और पात्र हितग्राहियों को मिल रहे सीधे लाभ की जानकारी प्राप्त होने पर प्रसन्नता और संतोष व्यक्त किया। हितग्राहियों द्वारा अनुभव प्रस्तुतिकरण के दौरान जब उन्हें जिले के परासिया विकासखंड के ग्राम जाटाछापर की उन्नतशील महिला कृषक श्रीमती सुषमा शर्मा द्वारा जैविक और प्राकृतिक खेती करने की जानकारी प्राप्त हुई, तो उन्होंने उत्सुकतापूर्वक महिला कृषक से जैविक कीटनाशक बनाने की विधि, गोबर के उपयोग, नाडेप के उपयोग, प्राकृतिक कृषि से लाभ आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। महिला कृषक द्वारा पूरे आत्मविश्वास के साथ प्राकृतिक खेती की सभी बारीकियों से अवगत कराने पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंह बहुत खुश हुए और उन्होंने महिला कृषक श्रीमती शर्मा की भूरि-भूरि सराहना की। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रतीकस्वरूप मंच से हितलाभ का वितरण भी किया गया।

लाभान्वित हितग्राही-कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री सिंह, प्रभारी मंत्री श्री पटेल और राज्य सभा सदस्य श्रीमती पाटीदार द्वारा मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन छिंदवाड़ा के अंतर्गत 318 स्व-सहायता

समूहों को 5 करोड़ 35 लाख रुपए की ऋण राशि का चेक द्वारा वितरण किया गया और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के उपरांत 111 हितग्राहियों के खाते में 12 हजार रुपए के मान से 13 लाख 32 हजार रुपए भारत शासन के पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से भुगतान किए गए। साथ ही ग्राम नेर जमुनिया के जगतराम उसरेठे को पशुपालन एवं डेयरी विभाग की मैत्री योजना के अंतर्गत पशु इलाज हेतु 60 हजार रुपए मूल्य की किट और ग्राम सोनापिपरी के हेमंत रघुवंशी को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत अनुदान पर हार्वेस्टर के लिए 6.84 लाख रुपए का अनुदान प्रदाय किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मोदी जी के संकल्प और विजन का परिणाम है कि स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, जीवन स्तर सभी क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। लोगों को उनकी भूमि का मालिकाना हक दिलाने के लिए स्वामित्व योजना जिले में भी चलाई जा रही है। कोरोना का टीका समय रहते लाया गया और निःशुल्क आमजन के लिए उपलब्ध कराया गया। आप सभी के सहयोग से हम सब मिलकर गांवों और देश की खुशहाली के लिए इसी तरह कार्य करते रहेंगे और हर परिवार को लखपति बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। इस दौरान उन्होंने एफडीडीआई के अधिकारी को ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के लिए हिंदी भाषा में अल्प अवधि कोर्स संचालित करने के निर्देश भी दिए, जिससे ग्रामीण भी इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने इस कार्य में जो भी समस्याएं आएंगी, उनका समाधान तत्काल कराने का आश्वासन भी दिया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने केंद्रीय मंत्री श्री सिंह के जिले में आगमन पर उपस्थित लाभार्थियों के साथ करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया और सभी से साथ मिलकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आयुक्त मनरेगा श्रीमती सूफिया फारूकी, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक विवेक अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेन्द्र नारायण, अतिरिक्त कलेक्टर ओपी सनोडिया व एसडीएम छिंदवाड़ा अतुल सिंह सहित अन्य अधिकारी, पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, पूर्व विधायक ताराचंद बाबरिया व पं. रमेश दुबे, जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य सर्वश्री विवेक साहू, रमेश पोफली, दौलत सिंह ठाकुर व शेषराव यादव, सिवनी के पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, संतोष पारिख, संतोष जैन व अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में केंद्रीय योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वाणी शुक्ला ने किया।

राजधानी में धूमधाम व उल्लास के साथ मनाई जन्माष्टमी

सीएम शिवराज ने राधाकृष्ण मंदिर पहुंचकर किया बाल गोपाल का पूजन

- **मंदिर में पूजन के बाद सीएम शिवराज लड्डू गोपाल की प्रतिमा को शीश पर बिठाकर बाहर लाए**
- **पालकी में विराजित किया**

अनोखा तीर, भोपाल।

शहर में चहुंओर जन्माष्टमी की धूम थी। मंदिरों में श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव से जुड़े कार्यक्रम हो रहे थे। लड्डू गोपाल का अभिषेक किया जा रहा था। भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इस पावन मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी दोपहर करीब 11 बजे बरखेड़ी के अहीरपुरा में स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुंचे और बाल-गोपाल की पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर उनके साथ चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा और महापौर मालती राय के साथ पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद थे। मंदिर में पूजन के उपरांत सीएम शिवराज लड्डू गोपाल की प्रतिमा को अपने शीश पर बिठाकर मंदिर प्रांगण से बाहर लेकर आए, जहां से भगवान की पालकी यात्रा निकाली गई। सीएम शिवराज ने लड्डू गोपाल की प्रतिमा को सुसज्जित पालकी में विराजित किया। इसके बाद नंदलाला के जयकारों के साथ पालकी यात्रा शुरू हुई। कुछ देर पालकी यात्रा में शामिल रहने के बाद सीएम शिवराज अपने अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

भगवान श्री कृष्ण की नीति के अनुसार दुष्टों पर वज्र सी कठोर है राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का दिन आनंद, उल्लास और उत्साह का दिन है। भगवान श्रीकृष्ण ने यही संदेश दिया कि सज्जनों के लिए फूल से कोमल और दुष्टों पर वज्र से कठोर होना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण की नीति अनुसार जो भी प्रदेश की शांति व्यवस्था और सौहार्द्र से खिलवाड़ करेगा, उसके लिए राज्य सरकार वज्र से कठोर होगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर अहीरपुरा बरखेड़ी स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बाल गोपाल की पालकी यात्रा का शुभारंभ किया। नन्द के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के घोष के साथ श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएँ दी।

महिला को बस ने रौंदा शव से लिपटा रहा पति

भोपाल में भीड़ के धक्के से बाइक सवार महिला सड़क पर गिरी, सिर से गुजरा पहिया

अनोखा तीर, भोपाल। भोपाल में भागती हुई भीड़ ने दो बच्चों से मां का आंचल छीन लिया। महिला अपने बच्चों और पति के साथ बाइक से घर लौट रही थी। तभी सड़क किनारे एक चाय के ठेले में आग लग गई। ठेले पर जमा लोग सड़क की ओर भागे। इनमें से कोई बाइक से टकरा गया। इस झटके में महिला उछलकर सड़क पर जा गिरी। दूसरी ओर से आ रही बस ने उसे कुचल दिया। जिससे महिला की तत्काल मौत हो गई। पति 10 मिनट तक लहूलुहान लाश को

कलेजे से लगाए बिलखता रहा। बच्चों के भी आंसू थम नहीं रहे थे। लोग इसका वीडियो बनाते रहे। हादसा भोपाल के शाहजहांनाबाद इलाके में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे हुआ। महिला पति और 2 बच्चों के साथ बाइक से रेलवे स्टेशन से अपने घर कमला नगर जा रही थी। अचानक ताज-उल-मस्जिद के सामने एक ठेले में आग लग गई। आग से बचने भागी भीड़ बाइक से टकराई, जिससे महिला उछलकर सड़क पर गिर गई। बस की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति और बच्चों को भी मामूली चोट आई है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है।

कोरोना के संक्रमण का संकट बरकरार

- **सात जिलों ने नहीं लिया एक भी सैंपल, उज्जैन में छह महीने बाद कोरोना से मौत**

अनोखा तीर, भोपाल। मप्र में कोरोना के संक्रमण का खतरा बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग लगातार जांच का आंकड़ा घटाता जा रहा है। त्योहारी सीजन में



जहां बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क उमड़ी भीड़भाड में संक्रमण बढ़ने की आशंका तेज हो रही है वहीं प्रदेश में सैंपलिंग कम होने से संक्रमितों की समय पर पहचान नहीं हो पा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने डेली 25 हजार टेस्ट करने के आदेश दिए हैं इसके बावजूद प्रदेश में मात्र पांच से सात हजार सैंपल की जांच हो रही है। बीते 24 घंटे में 6491 संदिग्धों की जांच में 130 पॉजिटिव मिले हैं।

उज्जैन में छह महीने बाद कोरोना से मौत- उज्जैन में छह महीने बाद कोरोना संक्रमण से एक मरीज की मौत हुई है। घट्टिया तहसील के जालवा गांव की रहने वाली 60 वर्षीय रतन बाई परिहार की आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को मौत हुई है। उन्हें 15 अगस्त के दिन एडमिट कराया गया था। इससे पहले 16 फरवरी को उज्जैन में कोरोना से आखिरी बार मौत दर्ज की गई थी।

एमपी के डैम ओवरफ्लो, नदियां उफान पर

अनोखा तीर, भोपाल।

मध्यप्रदेश में बारिश का ब्रेक एक बार फिर खत्म होने को है। तीन दिनों की राहत के बाद शनिवार शाम से बादल प्रदेश पर मेहरबान होने वाले हैं। अभी जबलपुर और उसके आसपास के जिलों में हल्की बारिश हो रही है। इसके अलावा अन्य इलाकों में आसमान साफ है। मौसम विभाग की मानें तो रविवार को भोपाल समेत 32 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मध्यप्रदेश में अब तक 31 इंच बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 5 इंच यानी 19 प्रतिशत ज्यादा है।

नदियों में क्षमता से ज्यादा पानी

मध्यप्रदेश में छोटी-बड़ी सभी नदियों में क्षमता से ज्यादा पानी आ चुका है। डैम ओवरफ्लो होने लगे हैं। नर्मदा से लेकर चंबल, बेतवा, ताप्ती, शिप्रा, कालीसिंध, शिवना नदी तक उफान पर हैं। भोपाल से गुजरी कलियासोत नदी के उफान पर आने के बाद दामखेड़ा और मर्दाना टोला में 70 परिवारों को शिफ्ट करने की नौबत आ गई थी। यहां के कलियासोत, केरवा और भदभदा ओवरफ्लो हो गए।

आज से भोपाल-इंदौर सहित 32 जिलों में फिर भारी बारिश



लगातार बारिश के बाद कोलार डैम के सभी 8 गेट खोलने पड़े- सीहोर जिले के कोलार डैम के सभी 8 गेट खोले गए। कैचमेंट एरिया में बारिश होने के बाद स्थिति गंभीर हो गई थी। हालांकि, बुधवार को थोड़ी राहत मिली। बारिश नहीं होने के बाद डैमों के गेट बंद कर दिए गए तो नदियों का उफान भी कम हुआ है। इससे पहले रायसेन और धार समेत प्रदेश के कई इलाकों में लोगों को सुरक्षित इलाकों में तक पहुंचाया गया। पिछले सप्ताह भारी बारिश के बाद इंदौर में यशवंत सागर के गेट खोल दिए गए थे। यशवंत सागर में अभी 19.5 फीट पानी है।

यह बन रहा नया सिस्टम

अगला लो प्रेशर एरिया 19 अगस्त की रात से बंगाल की खाड़ी से बनेगा। इससे रात से कुछ इलाकों में रिमझिम शुरू होगी। यह मुख्य रूप से धार, इंदौर, बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, उमरिया, अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी, कटनी, छिंदवाड़ा, जबलपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, मंडला, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, सागर, छतरपुर, पन्ना, बैतूल और हरदा में शनिवार को जमकर बारिश होगी।

रविवार से भोपाल समेत 32 जिलों में भारी बारिश- रविवार से भोपाल, रायसेन, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, धार, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, देवास, अगर मालवा, शाजापुर, अशोकनगर, गुना, ग्वालियर, दतिया, शिवपुर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, छिंदवाड़ा, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, छतरपुर, सागर, टीकमगढ़, दमोह, निवाड़ी, बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम में अच्छी बारिश होगी।

न्यूज ट्रेक

निःशुल्क सायकल का वितरण

अनोखा तीर, रहटगांव। एलएन पालीवाल एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को स्कूल विद्यार्थियों को शासन द्वारा दी जाने वाली सायकल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्राचार्य मनोज मिंज, टिमरनी जनपद उपाध्यक्ष अनिल वर्मा (लिबट्री), पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जीवन गौर, सरपंच सुमंत्रा सूरज रंगीले, उप सरपंच शिवानी मनीष गौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विद्यार्थीगण मौजूद थे।

ग्राम पंचायत में बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड

अनोखा तीर, रहटगांव। ग्राम पंचायत रहटगांव में शुक्रवार से ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शुरू किया गया है। सचिव रामकृष्ण

कुशवाहा ने बताया कि तहसील के पास स्थित ग्राम पंचायत में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए जो हितग्राही हैं उनको आधार कार्ड, समग्र आईडी लेकर पंचायत आना है, जो आधार कार्ड मोबाइल से लिंक है वह परिवार के भी कार्ड बनवा सकता है। यदि आधार कार्ड से मोबाइल लिंक नहीं है तो हितग्राही को स्वयं पंचायत आना होगा। वहीं सहायक सचिव भुरमल सोलंकी ने बताया कि आयोजन पंचायत में सतत चलेगा, इसलिए ग्रामीणों से अपील है कि अधिक से अधिक पहुंचकर आयुष्मान कार्ड का लाभ लें।

समर्थन मूल्य पर किसानों से मूंग की खरीदी शुरू

अनोखा तीर, रहटगांव। शासन द्वारा क्षेत्र के किसानों का मूंग समर्थन मूल्य के तहत खरीदी का कार्य शुक्रवार से शुरू हुआ। जानकारी के मुताबिक स्थानीय आरके वेयरहाउस धनगांव में सरस्वती स्व सहायता समूह के

माध्यम से मूंग खरीदी की जा रही हैं। शुक्रवार को विधि विधान से खरीदी की शुरुआत की गई। इस दौरान किसानों का सम्मान और तौल कांटे की पूजा अर्चना कर खरीदी शुरू की गई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि हरिओम पटेल, पूर्व व्यापारी मंडल अध्यक्ष गोलू पाटिल, मुकेश गर्ग टिमरनी, रामनारायण पटेल, दुर्गेश गौर, महेश मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं किसान मौजूद रहे। समूह के अनिल धुर्वे ने बताया कि यहां तकरीबन 15 गांव के 1300 से अधिक किसान अपनी मूंग की उपज तुलवाएंगे। किसान सत्यनारायण गौर, लोकेश बागरे, रामनारायण पटेल सहित अन्य किसानों की मूंग तौली गई।

सांप पकड़ने में महारथी हैं दीनू

अनोखा तीर, पलासनेर। ग्राम पलासनेर में रहने वाले दीनदयाल उर्फ दिनू ने जिंदा सांपों का पकड़ने की कला है, उन्होंने अभी तक 15 से 20 सांपों को

पकड़ा है। उन्होंने बताया कि मैं सांप को पकड़ने के बाद मारता नहीं हूं, बल्कि उसे गांव से दूर घने जंगलों में छोड़ देता हूं। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा सांप पकड़ने की कोई फीस नहीं ली जाती है। मैं बिना स्वार्थ के यह कार्य नि:शुल्क करता हूं। दीनू द्वारा शुक्रवार को ग्राम पलासनेर में अर्जुन मालवीय के यहां 4 फिट का जिंदा सांप पकड़ा गया। जिसे उन्होंने पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। इस मौके पर प्रकाश मालवीय, हरिओम पटेल, दिलीप विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

ग्रामसभा में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

अनोखा तीर, पलासनेर। ग्राम पंचायत पलासनेर में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें सरपंच सरोज चौरसिया ने नवीन विकास कार्यों को करने का निर्णय लिया तथा सभी ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण की बात कही। इस दौरान उप सरपंच अजय मिश्रा, सचिव ओमप्रकाश गुर्जर, सहायक सचिव रजनी बिल्लोरे, पंच फतेहचंद्र अग्रवाल, शहीद खान, महेंद्र नागोरे, धनन्नालाल बिल्लौरे, रामशंकर बिल्लोरे, सुशीला बिल्लौर एवं समस्त ग्रामीण मौजूद थे।

जम्भेश्वर युवा मंडल ने निकाली शोभायात्रा

अनोखा तीर, खिरकिया। जन्माष्टमी के पर्व को लोग अलग अलग रूप में मनाते हैं। इसी प्रकार विश्नोई समाज अपने समाज के संस्थापक का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाती है। बड़नगर के युवा सरपंच राहुल बिश्नोई

ने बताया कि इस वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर बिश्नोई समाज के संस्थापक गुरु जम्भेश्वर भगवान की शोभायात्रा बड़नगर व खमलाय में निकाली गई। जिसमे आसपास के गांवो के सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे सम्मिलित हुए। इस अवसर पर भगवान जम्भेश्वर की शोभायात्रा निकाली गई व हवन पूजन प्रसादी का वितरण किया गया। सभी लोगों ने सफेद पैजामा कुर्ता व सर पर टोपी लगाकर एकता का संदेश दिया। प्रथम वर्ष होने के बाद भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपने आराध्य के जन्मोत्सव में चार चांद लगा दिए।

जन्माष्टमी पर मंदिर में की विशेष साज सज्जा

अनोखा तीर, रहटगांव। जन्माष्टमी पर आज पूरा देश कृष्ण की भक्ति में डूबा है। राधेकृष्ण के जयकारों की चारों तरफ गूंज है। भगवान कृष्ण का जन्म भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मध्य रात्रि में हुआ था। इसलिए कृष्ण भक्तों द्वारा रात 12 बजे भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है। वहीं उन्हें माखन मिश्री का भोग लगाया जाता है। भगवान कृष्ण की पूजा से जीवन में सफलता के साथ संपन्नता आती है। जन्माष्टमी पर्व पर रहटगांव स्थित गौरव विद्या निकेतन स्कूल के बच्चे राधेकृष्ण की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने कृष्ण भक्ति के गीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस मौके पर स्कूल में मटकी फोड़, रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

हसनपुरा में कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती मनाई

अनोखा तीर, सिराली। ग्राम हसनपुरा में कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती मनाई गई। इस मौके पर ग्रामीणों से मिलकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही अंत्योदय की विभिन्न योजनाओं पर बिंदुवार चर्चा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष श्यामलाल बूचा, मंडल अध्यक्ष मनीष मांगुले, विजय कुशवाह, दीपक गौर, कान्हा अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डीजी फारेस्ट ने कहा

बंदूके और रिवाल्वर जमा न करें

● पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ उच्च स्तरीय चर्चा जारी

गणेश पांडे, भोपाल।

लटेरी की घटना में वनकर्मियों के खिलाफ हो रही पुलिसिया कार्रवाई के विरोध स्वरूप प्रदेश भर में बंदूके और रिवाल्वर जमा हो रहे हैं। इस मसले को लेकर गुरुवार को वन बल प्रमुख आरके गुप्ता को मोर्चा संभालना पड़ा। गुप्ता ने एक परिपत्र सभी मैदानी अफसरों को लिखा है, जिसमें शस्त्र जमा न करने की अपील की गई है। गुप्ता ने आक्रोशित वनकर्मियों को आश्वस्त किया है कि पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ उच्च स्तरीय चर्चा की जा रही है। विभाग के मुखिया गुप्ता ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि विदिशा के लटेरी में अपराधी मारा गया है। वन बल प्रमुख गुप्ता ने अपने परिपत्र में कहा है कि शासन द्वारा वन अमले को बंदूक एवं रिवाल्वर वन अपराध रोकने तथा आत्म रक्षार्थ प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार के शस्त्र के उपयोग के लिए विधि में आवश्यक प्रावधान भी है।

उन्होंने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट कर दिया है कि विदिशा वन मंडल के तहत हुई घटना में एक अपराधी मारा गया एवं वनकर्मियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई को लेकर वरिष्ठ स्तर पर चर्चा एवं विवेचना जारी है। उन्होंने वनकर्मियों को इस घड़ी में संयम बरतने की अपील करते हुए कहा है कि वनों एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा का कर्तव्य निभाते रहें। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त को लटेरी में संगठित चोर गिरोह और वन कर्मियों के बीच मुठभेड़ हुई। गोली चालन में चैन सिंह नामक आरोपी मारा गया। इस घटना को लेकर राजनीति के आरोप-प्रत्यारोप के दौर शुरू हो गए और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर एसडीएम ने चोरी के आरोपी मृतक चैनसिंह के परिवार को 25 लाख रुपए का चेक दे दिया है।

मजिस्ट्रियल जांच के नहीं हुए आदेश- वन कर्मियों और संगठित लकड़ी चोर गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ में आरोपी चैनसिंह की मौत के बाद कलेक्टर ने मजिस्ट्रियल जांच के मौखिक आदेश दिए थे। घटना के 17 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक मजिस्ट्रियल जांच नहीं शुरू हुई। इस बीच पुलिस ने हत्या के आरोप में डिप्टी रेंजर निर्मल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि सूत्रों का कहना है कि डिप्टी रेंजर निर्मल सिंह मौके पर था ही नहीं। इस घटना में शामिल अन्य कर्मियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश डाल रही है। यही नहीं, रेंजर लटेरी दक्षिण द्वारा थाना प्रभारी को दिए गए आवेदन को भी संज्ञान में नहीं लिया गया।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर...

यादव समाज ने निकाली मोटरसाइकिल रैली

अनोखा तीर, खिरकिया।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन पर्व पर यादव समाज द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। चारुवा गुप्तेश्वर मंदिर से वाहन रैली को भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष कलम व विधायक प्रतिनिधि ललित पालीवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुप्तेश्वर मंदिर से शुरू होकर रैली छीपाबड़ होते हुए खिरकिया नगर भ्रमण कर मंडी प्रांगण पहुंची। रैली का नगर के कई स्थानों पर भव्य स्वागत सम्मान हुआ। इसके पश्चात मंडी प्रांगण स्थित भगवान श्री कृष्ण के मंदिर में अतिथियों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पधारे सभी अतिथियों का यादव समाज द्वारा शाल-श्रीफल भेंट कर एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमर सिंह मीणा, मंडल अध्यक्ष संतोष कलम, हरदा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू कमेडीया, हरि पटेल, कन्हैयालाल कुशवाह, गंगाविशन मुनीम, शिवनारायण साध, चंपालाल कलम, विजय सोनी, सुधीर सोनी, अनिल जैन, विजय जैन, शंकरसिंह खड़बड़िया, जगन्नाथ यादव, कपिराम यादव, दिनेश यादव आदि उपस्थित थे।

धर्म की रक्षा के लिए हुआ था कृष्ण जन्म

● ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विद्यालय ने मनाया श्रीकृष्ण जन्म उत्सव

अनोखा तीर, सिराली।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिराली सेंटर द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में हंडिया से पधारी बीके भारती बहन द्वारा जन्माष्टमी के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भारत की धरती पर श्री कृष्ण के आगमन का यादगार है। श्रीकृष्ण 16 कला संपूर्ण, निर्विकारी, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। बीके भव्यता बहन ने कहा कि झांकी अर्थात स्वयं के अंतर में झांक कर खुद को परिवर्तन करने का यह शुभ समय चल रहा है। इसमें राजयोग मेडिटेशन का विशेष महत्व है। मुख्य अतिथि श्रीमती अनुराधा सोमानी ने कृष्ण की बाल लीलाओं की व्याख्या कर कार्यक्रम की विशेष सराहना की।

गिरदावरी में कई किसान छूटे, तारीख बढ़ाने की मांग

अनोखा तीर, मसनगांव।

खरीफ फसल की गिरदावरी के लिए शासन के द्वारा 15 अगस्त की तारीख निश्चित की गई थी, लेकिन इस तारीख तक भी कई किसान गिरदावरी नहीं कर पाए। जिसके लिए किसानों ने शासन से तारीख को बढ़ाने की मांग की है। प्रतिवर्ष राजस्व विभाग द्वारा गिरदावरी का कार्य किया जाता है। इस दौरान ग्राम पटवारी किसानों से जानकारी लेकर खेतों का मौका मुआयना कर गिरदावरी का काम करते हैं, लेकिन इस वर्ष शासन के द्वारा एमपी किसान ऐप के माध्यम से स्वघोषित गिरदावरी करने का नियम बना दिया गया, जिसके पश्चात जिन किसानों के पास एंड्रॉयड मोबाइल था उन्होंने अपने खेतों में जाकर गिरदावरी का काम किया, लेकिन कई किसान खेतों में गिरदावरी करने से वंचित रह गए। वहीं जिन किसानों के पास मोबाइल की व्यवस्था नहीं है उन्हें गिरदावरी संबंधी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। जिसके कारण उनकी गिरदावरी नहीं हो पाई। ऐसे में किसानों ने अपने खेतों में बोई गई फसलों की जानकारी शासन को उपलब्ध नहीं कराई जिससे वे बीमा, राहत राशि से वंचित रह सकते हैं। जिसके लिए किसानों ने शासन से तारीख को बढ़ाने की मांग की है।

कई किसानों ने गलत जानकारी डाल दी- शासन द्वारा जिस एमपी किसान ऐप के माध्यम से किसानों से गिरदावरी की स्वेच्छापूर्वक जानकारी मांगी जा रही है, उसमें कई किसानों ने गलत जानकारी डाल दी। किसानों का कहना है कि उन्हें सही दिशा निर्देश न मिलने के कारण कुछ जानकारियां गलत डाल दी गई हैं। जिसका सत्यापन करते समय राजस्व विभाग को दुरुस्त करना होगा। वहीं इस संबंध में ग्राम के पटवारी प्रहलाद धानक ने बताया कि किसानों के द्वारा जो गिरदावरी स्वघोषित की गई है उसमें जो भी त्रुटि होगी उसे राजस्व विभाग के द्वारा दूर किया जाएगा। जिसके लिए पटवारी, तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी की आईडी से सभी त्रुटियों को दुरुस्त कर जानकारी शासन को भेजी जाएगी।

फसल खराब होने पर मिलेगा बीमा एवं राहत राशि का लाभ- शासन के द्वारा प्रतिवर्ष गिरदावरी के माध्यम से किसानों से खेतों में बोई गई फसल की जानकारी ली जाती है। जिसमें किसान खरीफ तथा रवि सीजन की खेतों में बोई गई अलग-अलग फसल की जानकारी शासन को देते हैं, जितने रकबे में फसल लगी हुई है उस हिसाब से फसल खराब होने या किसी भी प्रकार का नुकसान होने पर किसान को राहत राशि एवं बीमा का लाभ मिलता है। जिसके कारण प्रतिवर्ष किसानों को दोनों ही सीजन में गिरदावरी की जानकारी शासन को देना होती है। जिसका सत्यापन राजस्व विभाग के द्वारा किया जाता है। वहीं इसमें ग्राम कोटवार भी सहयोग करता है, लेकिन इस बार शासन के द्वारा किसान से स्वयं जानकारी मोबाइल के माध्यम से ली जा रही है जिसमें कई गलतियां हो रही हैं। कई किसान गिरदावरी नहीं कर पा रहे हैं, जिसके लिए शासन से तारीख बढ़ाने की मांग की जा रही है।

वोटर कार्ड को आधार से लिंक कराएं

● पंचायत सचिव ने घर घर जाकर ग्रामीणों को दी जानकारी

अनोखा तीर, रहटगांव। ग्राम पंचायत आमसागर के ग्राम धनपाड़ा में पंचायत सचिव कैलाश बिलारे ने शुक्रवार को घर-घर जाकर ग्रामीणों को वोटर कार्ड को आधार से लिंक कराने की जानकारी दी। साथ ही आधार कार्ड का संग्रहण किया गया एवं पीएम आवास योजना के हितग्राहियों से आवास निर्माण का कार्य पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान कोटवार गेंदालाल बडोदिया, संतोष, रमेश, तुलसीराम, चैनसिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

महिला मोर्चा ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

अनोखा तीर, टिमरनी। भाजपा महिला मोर्चा ने शुक्रवार को शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों के द्वारा पुलिस थाना टिमरनी के थाना प्रभारी सुशील पटेल सहित पुलिस थाना स्टाफ के सभी कर्मचारियों को राखी बांधी कर

शुभकामनाएं दी। वहीं नगर परिषद टिमरनी के सीएमओ राहुल शर्मा को राखी बांधकर मिठाई खिलाई। इस दौरान टिमरनी भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष एवं पार्षद प्रीति बंसल, उपाध्यक्ष भावना रावत, महामंत्री क्षमा मालवीय, महामंत्री संगीता कौशल, भाजपा मंडल मंत्री अनिता परदेशी, कोषाध्यक्ष शैलजा सोनी, मीडिया प्रभारी मीरा कैथवास, प्रीति लोहाना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रही।

किसान हितैषी फैसलों से लोकप्रियता बढ़ी : सिरोही

अनोखा तीर, हरदा। विधानसभा चुनाव की आहट के बीच राजनीतिक उठापटक बढ़ने लगी है। इसी के साथ बयानों का दौर भी चल पड़ा है। आरोप-प्रत्यारोप की एन्ट्री के बीच भाजपा नेता एवं पूर्व नहर संथा अध्यक्ष अशोक सिरोही ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल की नीयत, चाल व चरित्र बहते पानी की तरह कंचन है। प्रदेशभर में किसान हितैषी फैसलों से उनकी लोकप्रियता बढ़ी है। निरंतर जनसेवा का लक्ष्य उनका मुख्य ध्येय हैं। सिरोही ने कहा कि पटेल ने क्षेत्र में विकास कार्यो को रफ्तार देने के साथ-साथ किसान, गरीब, मजदूर, दिव्यांग सहित हर वर्ग के सुख दु:ख में बराबर के सहभागी हैं। कृषि मंत्री श्री पटेल जो कहते है, उसे पूरा भी करते हैं। उनकी कथनी और करनी राजनीतिक पारदर्शिता को स्पष्ट करती है। बस यही बात विरोधियों को हजम नहीं हो रही है। यही कारण है कि कई दफा षड्यंत्र रचे, बावजूद सांच को आंच नही वाली कहावत सही हुई है। सिरोही ने यह भी कहा कि विरोधियों की ओछी मानसिकता हर बार परास्त होती है। जो जनसेवा के कार्यो को ओर ज्यादा ताकत देती है।

आप जो यह तस्वीर देख रहे हैं, वह शहर के खंडवा बायपास मार्ग की है। जहां सनरेज स्कूल के मोड पर अव्यवस्थाएं देखने को मिलेगी। दरअसल, मोड पर विद्युत पोल लगे हुए हैं। जिसके आसपास झाड़िया उग आईं हैं। जिन्हें साफ नही किए जाने के कारण ये झाड़ियां सड़क पर लटक रहीं हैं। इतना ही नही, जंगली बेल पोल के ऊपर तार तक पहुंच गई है। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले लोगों को असुविधा हो रही है, खासकर रात के समय ज्यादा परेशानी होती है। बता दें कि इस मार्ग पर स्कूली बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में मार्ग पर इस तरह की अव्यवस्था समस्या को जन्म देती है। लोगों का कहना है कि बारिश से पहले मेंटेनेंस किया जाता है, लेकिन यहां की तस्वीर देखकर आपकों ऐसा नही लगेगा। उन्होंनें कहा कि मुख्यालय पर अवयवस्थाओं को देख लोग कहना नही चूकते, कि यह बात गलत है।

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की..

सरस्वती शिशु मंदिर से निकाली शोभायात्रा

अनोखा तीर, हरदा।

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की.. के उदघोषों के साथ सरस्वती शिश विद्या मंदिर से विद्यालय प्रबंधन द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा गीता उपदेश, श्रीकृष्ण-राधिका की सजीव झांकीयां एवं कृष्ण सुदामा, महारास करते हुए की चलित झांकियां निकाली गई। लगभग 2 किलोमीटर की शोभायात्रा में छात्र-छात्राएं पूर्ण अनुशासन का परिचय दे रहे थे। विभिन्न समाजसेवी एवं समविचारी संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा पर फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का समापन विद्यालय भवन में पूजन एवं महाआरती के साथ हुआ। शिशुवाटिका के नन्हें-मुन्हें छात्र-छात्राएं ने सजीवतापूर्ण श्रीकृष्ण-राधिका का स्वरूप धारण किया था। यहां भी विभिन्न झांकीयां सजायी गईं। शोभायात्रा के मार्ग में संस्कार केन्द्र के भैया-बहिनों की भी आकर्षक झांकीयां प्रदर्शित की गई। शोभायात्रा में विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी, विद्यालय के अभिभावक, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में विद्यालयीन छात्र-छात्राएं शामिल थे। शोभा यात्रा में बैंड दलों का आकर्षक प्रदर्शन रहा। उच्चतर विभाग की छात्राओं ने महारास प्रस्तुत किया। शिशुवाटिका विभाग में पृथक से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न हुआ। जिसमें वाटिका के नन्हे-मुन्हे छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

अनोखा तीर, हरदा। सर्व नेचुरल केयर फाउंडेशन द्वारा वनग्राम में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था से जुड़े अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि टिमरनी विकासखंड के दूरस्थ ग्राम अंचल बोरी ढाना, दात्री ढाना, ऊंचा बरारी के कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि ग्रामीणों का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। सूचना के आधार पर गांव में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों को मेडिकल दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

स्वाध्याय परिवार के युवाओं ने मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

अनोखा तीर, हरदा। सार्वभौमिक स्वाध्याय कार्य के प्रणेता पद्म विभूषण पांडुरंगशास्त्री आठवले माननीय दादा से प्रेरित होकर, स्वाध्याय परिवार के युवा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को एक अलग तरीके से मनाते हैं। दादा ने नुक्कड़ नाटक की अवधारणा युवाओं को न केवल दही तोड़कर बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक अपने विचार फैलाने के लिए भगवान कृष्ण की जयंती मनाने के लिए दी। श्रीमती धनश्री जयश्री तलवलकर के मार्गदर्शन में लाखों युवा इन विचारों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से देश-विदेश में ले जा रहे हैं। इस साल, देश भर के 20 राज्यों में और इंग्लैंड, अमेरिका, कनाडा, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, खाड़ी देशों में युवाओं की लगभग 14500 टीमें हैं। अलग-अलग भाषाओं में ये नुक्कड़ नाटक 12 अगस्त से 19 अगस्त 2022 तक किए जा रहे हैं।

22 से 28 तक चलेगा सड़क सुरक्षा सप्ताह

अनोखा तीर, हरदा।

सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु एवं घायलों की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से 22 से 28 अगस्त तक सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त महानिदेशक पीटीआरई भोपाल जी. जनार्दन ने इस संबंध में निर्देश जारी किये है।

समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी यातायात बल के साथ जिले में जागरूकता संदेश के माध्यम से यातायात जागरूकता सप्ताह आयोजित करने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। श्री जनार्दन ने बताया कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में शासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। परन्तु सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता इतनी अधिक है कि शासन द्वारा किए गए प्रयासों के उपरान्त भी सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्शित नहीं हो पा रही है। इसलिए हमें सड़क परिवहन से जुड़े समस्त वर्गो के साथ मिलकर सम्मिलित प्रयास से सड़क सुरक्षा के बारे में आमजन को जागरूक किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। श्री जनार्दन ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के दौरान तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट वाहन चालन तथा ओव्हर लोडिंग एवं मद्यपान कर वाहन चलाने से होने वाली मृत्यु के बारे में आमजन को अवगत कराया जाएगा। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर कैम्पेन चलाने, रोड सेफ्टी रन, वाकाथन का आयोजन, हेलमेट के साथ वाहन रैली का आयोजन, मेडिकल चैक-अप अथवा नेत्र परीक्षण करवाने संबंधी गतिविधियां संचालित की जाएगी।

सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के तहत सड़क सुरक्षा के लिए संगोष्ठि का आयोजन, स्कूल तथा कॉलेज में सड़क सुरक्षा की जानकारी देने, इस दौरान निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद, क्विज, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन, रेडियो, सोशल मिडिया, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया तथा ट्वीटर पर कैम्पेन चलाने, सेलेब्रिटी के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश का प्रचार-प्रसार करने, बस वाहन के चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने तथा शैक्षणिक संस्थाओं के बस ड्राइवर, कन्डेक्टर एवं कमर्शियल वाहन के चालकों को सड़क सुरक्षा की जानकारी से अवगत कराने संबंधी गतिविधियां चलाई जाएगी।

इसी तरह बैंक कर्मी अथवा व्यापारी एवं व्यवसायिक वर्गों को सड़क सुरक्षा अभियान में सम्मिलित किए जाने, चिकित्सालयों में रोड सेफ्टी विषय पर जानकारी दी जाकर चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देने, होटल अथवा ढाबा संचालकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता के बारे में जानकारी देना तथा होटल, ढाबा एवं पेट्रोल पम्प पर सड़क सुरक्षा संदेश के होर्डिंग्स एवं फ्लैक्सी बोर्ड लगाया जाना इत्यादि कार्य आयोजित किए जाएंगे तथा बाजार अथवा साप्ताहिक हाट में सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

सार समाचार

मौसम बदलते ही फसल पर ईल्लियों का डेरा



अनोखा तीर, हरदा। मौसम बदलने के साथ ही फसलों पर कीट प्रकोप बढ़ गया है। बीतें एक-दो दिन में फसल की रंगत बदल गई हे। इसको लेकर किसान सक्रिय हो गए हैं। कीट की रोकथाम व स्वस्थ फसल के लिए दवाओं का स्प्रे किया जा रहा है। ताकि कीट पर नियंत्रण किया जा सके। जानकारी के अनुसार सोयाबीन की फसल करीब दो माह की हो गई है। कहीं फलियां आ रही है तो कहीं फसल फूल पर चल रही है। लगातार बारिश के चलते जहां फसल की ग्रोथ पर असर देखने को मिल रहा है। जिसको लेकर किसान सतर्क हो गए हैं।

सर्व ब्राह्मण समाज का सम्मान समारोह 21 अगस्त को

अनोखा तीर, हरदा। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा 21 अगस्त रविवार को दोपहर 4 बजे से नार्मदीय 'ब्राह्मण समाज धर्मशाला में विप्र समाज के नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सर्वब्राह्मण समाज के महामंत्री सुनील तिवारी ने बताया कि समारोह में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरपालिका, नगर पंचायत में सर्वब्राह्मण समाज के नव-निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। सर्वब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश पाराशर ने सभी सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

7 माह से प्रभारी अधिकारी के भरोसे आठनेर परियोजना

अनोखा तीर, आठनेर। नगर में एकीकृत बाल विकास परियोजना के परियोजना अधिकारी का पद 9 माह से खाली पड़ा है। कामचलाऊ व्यवस्था के तहत आमला के परियोजना अधिकारी को यहां का अतिरिक्त प्रभार दिया है। लेकिन, वे महीने में एकाध बार ही यहां पहुंच पाते हैं। इससे विभाग के कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। नगरवासियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आठनेर में एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी पद पर पहले नेहा यादव पदस्थ थीं। करीब 9 माह पहले उनका स्थानांतरण अन्यंत्र हो चुका है। उनके स्थानांतरण के बाद से शासन द्वारा यहां किसी अन्य अधिकारी को पदस्थ नहीं किया गया है। ऐसे में काम चलाऊ व्यवस्था के तहत विभाग द्वारा आमला के परियोजना अधिकारी चंद्रकुमार बडेकर को यहां का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। उन्हें अपनी मूल परियोजना का भी कार्य देखना होता है। ऐसे में वे महीने में एकाध बार ही आठनेर आ पाते हैं। अधिकांश कार्य ऐसे होते हैं जो कि परियोजना अधिकारी के हस्ताक्षर के बगैर हो ही नहीं पाते हैं। ऐसे में सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आम लोग भी विभाग से संबंधित कार्य के लिए दफ्तर पहुंचते हैं, लेकिन बैरंग लौटने को मजबूर हो जाते हैं। इसी तरह से विभागीय कार्यों के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक भी आए दिन कार्यालय आते हैं। अधिकारी के नहीं होने से उन्हें बिना कार्य कराए ही वापस लौटने को मजबूर होना पड़ता है।

बाल गोपाल ने किया नगर भ्रमण

● कुकरावद में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्म उत्सव

अनोखा तीर, कुकरावद। जन्माष्टमी के पावन पर्व पर तक्षशिला विद्या मंदिर कुकरावद में बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर ग्राम में ग्राम में रैली निकाली गई। जिसमें उपस्थित बच्चों ने माखन-चोर, नन्द-किशोर, बांधी जिसने प्रीत की डोर, हरे कृष्णा हरे मुरारी-पूजती जिन्हें दुनिया सारी, आओ उनके गुण गाएं। इस प्रकार के जयघोष लगाए। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण की पालकी का ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पूजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित स्कूल स्टाफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

आयुष्मान कार्ड बनाने प्रशिक्षण संपन्न

अनोखा तीर, हरदा।

आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर तक संपूर्ण जिले में विशेष अभियान आपके द्वार-आयुष्मान 4.0 का आयोजन किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि अभियान के तहत शेष पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें कॉमन सर्विस सेंटर एवं चिन्हित रोजगार सहायक के माध्यम से आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाए जा रहे हैं। अभियान के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले में उपस्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को भी आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सभी उपस्थित सीएचओ की आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आयुष्मान आईडी भी बनाई गई, ताकि वे आयुष्मान पोर्टल के माध्म से पात्र हितग्राहियों के कार्ड बना सकें। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रामकुमार शर्मा ने कहा कि हमें जिले का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करना है, तभी हम अपने लक्ष्य को पूर्ण कर पाएंगे।

आप सभी ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ हैं। आप अपने क्षेत्र के सभी पात्र हितग्राही को जीआरएस के माध्यम से चिन्हांकित कर ग्रामीण स्तर पर ही पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाना सुनिष्चित करें। रोस्टर बनाकर ग्रामों का भ्रमण करें एवं पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं। सीईओ श्री शर्मा ने कहा कि इस कार्य को हमें मिशन मोड में करना होगा। इसके लिए प्रत्येक सीएचओ को प्रतिदिन कम से कम 10 कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी रिपोर्ट प्रतिदिन करना सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि जिले मे 73 कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर पदस्थ हैं, जिन्हे अपने कार्य के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड बनाने की जवाबदारी दी जा रही है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को आवश्यक संसाधन एवं आईडी उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में 32 सीएचओ को लेपटॉप उपलब्ध करा दिया गया है, शेष को भी जल्द ही लेपटाप उपलब्ध कर दिया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष पात्र परिवार को 5 लाख रुपए तक का इलाज निःशुल्क प्रदान किया जाता है। आयुष्मान भारत निरामयम योजना का उद्देष्य गरीब एवं असहाय परिवारों को गुणवत्तापूर्ण इलाज समय पर उपलब्ध कराना है। सभी संबल कार्डधारी, खाद्यान्न पर्ची धारक एवं ऐसे सभी लोग जिनका नाम एसईसीसी सूची में है, वे सभी आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र है। कार्ड बनवाने के लिए अपने परिवार की समग्र आईडी, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड इनमें से कोई भी दस्तावेज लेकर कॉमन सर्विस सेंटर या केम्प स्थल पहुंचे। ऐसे परिवार जिनमें मुखिया का आयुष्मान कार्ड बना है वह अपने परिवार के दूसरे सभी सदस्यों का कार्ड भी बनवाएं।

पेयजल योजनाओं के निर्माण में लापरवाही

● पीएचई के 2 ठेकेदारों पर लगी 23.83 लाख की पेनाल्टी

अनोखा तीर, हरदा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्यों में देरी करने तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने पर कलेक्टर ऋषि गर्ग के निर्देश पर निर्माण से संबंधित ठेकेदारों के बिलों के भुगतान से पूर्व पेनाल्टी लगा कर राशि में कटौती की गई है। कलेक्टर श्री गर्ग ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि पेयजल योजनाओं का कार्य समय पर पूर्ण नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों से शिकायतें प्राप्त हुई, इस आधार पर कार्यपालन यंत्री को संबंधित ठेकेदारों के बिलों के भुगतान में पेनाल्टी लगा कर राशि कटौती के निर्देश दिए गए। जिस पर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 2 ठेकेदारों पर कुल 23.83 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवती इंटरप्राइसेज मुरैना पर कुल 20.80 लाख रुपए तथा पीएमटी कंस्ट्रक्शन खंडवा पर 3.03 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। इस तरह दो ठेकेदारों पर कुल 23.83 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई गई है।

संपादकीय

मुश्किल में फुटबाल

फीफा के इस कठोर कदम ने भारतीय खेल महासंघों की कार्य-संस्कृति को भी उजागर किया है।

विश्व फुटबाल की सर्वोच्च नियामक संस्था फीफा ने अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआइएफएफ) को निलंबित कर इस बात का कड़ा संदेश दिया है कि खेल महासंघ को उसके नियमों का पालन करना ही होगा। फीफा की यह कार्रवाई मामूली नहीं है। भारतीय फुटबाल के पचासी साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब भारतीय फुटबाल महासंघ के साथ इस किस्म का बर्ताव किया गया हो। इसका मतलब साफ है कि अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ फीफा के निर्धारित नियमों का पालन नहीं कर रहा था और संस्था चलाने की जिम्मेदारी संभालने वाले अपनी मनमर्जी चलाते रहे।ऐसे में फीफा के सामने शायद कोई चारा रह भी नहीं गया होगा। फीफा के इस कठोर कदम ने भारतीय खेल महासंघों की कार्य-संस्कृति को भी उजागर किया है। जाहिर है, इससे देश का फुटबाल जगत, खिलाड़ी और इस खेल के प्रेमी-प्रशंसक सबको धक्का लगा है। चिंता की बात यह भी है कि फीफा के इस फैसले से भारतीय फुटबाल के सामने कई संकट खड़े हो जाएंगे। अक्तूबर में होने वाले अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी भारत के हाथ से छिन गई है। जब तक फीफा निलंबन वापस नहीं ले लेता, तब तक भारत की पुरुष और महिला फुटबाल टीम किसी भी देश के साथ कोई खेल नहीं खेल सकेगी। भारत के फुटबाल क्लब भी किसी भी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं सकेंगे। भारतीय फुटबाल का यह भारी नुकसान है।

दरअसल, अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ लंबे समय से जिस रास्ते पर चल रहा था, उसमें एक न एक दिन यह होना ही था। कहना न होगा कि विवाद की जड़ इस पर कब्जे को लेकर रही है। दिसंबर 2020 में जब इसके अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल का कार्यकाल खत्म हो गया था, तो कायदे से उन्हें पद छोड़ देना चाहिए था। लेकिन वे पद पर डटे रहे। जबकि वे अपने तीन कार्यकाल पूरे कर चुके थे। आखिरकार सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद इस साल मई में पटेल ने इस कुर्सी को छोड़ा। सवाल तो इस बात का है कि राजनेता खेल संघों की कुर्सी से चिपके क्यों रहना चाहते हैं? अगर पटेल पहले ही नियमों के मुताबिक चलते और पद छोड़ देते तो नए चुनावों का रास्ता साफ हो जाता और ऐसे विवाद की नौबत ही नहीं आती। लेकिन देखने में अब तक यही आता रहा है कि खेल संघों के अध्यक्ष व दूसरे पदों पर कुंडली मार कर बैठने की प्रवृत्ति गहरी जड़ें जमा चुकी है। हैरत की बात तो यह कि तमाम नियमों और हर खेल संगठन के अपने संविधान होने के बावजूद ये संस्थाएं भ्रष्टाचार और अराजकता का अड्डा बनी हुई हैं। ऐसे मामलों से निपटने के लिए सरकारी तंत्र भी लाचार ही नजर आता है। वरना क्यों नहीं खेल संगठनों के चुनाव समय पर होते और क्यों नहीं ये संस्थाएं नियमों के तहत काम करतीं?मामला सिर्फ अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ तक ही सीमित नहीं है। ज्यादातर खेल संगठनों पर ताकतकवर लोगों का कब्जा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसे लोगों को सत्ता का संरक्षण हासिल रहता है। इसलिए यह सवाल आज भी बना हुआ है कि खेल संगठनों को कुछ लोगों की जागीर बनने से रोका कैसे जाए? आखिरकार अब भी तो प्रशासकों की समिति (सीओए) फीफा की शर्तों पर चुनाव कराने के लिए तैयार हुई। क्या यही काम पहले नहीं हो सकता था? खेल संगठनों में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल विशेषज्ञों के बजाय अगर राजनीति और सत्ता से जुड़े लोग इनमें जमे रहेंगे तो कैसे भारत खेलों में दूसरों से आगे निकल पाएगा?

भारी बारिश से नगर की सड़कें हुई बदहाल

• राहगीर हो रहे घायल, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई

अनोखा तीर, भौरा। बारिश में नगर के मध्य से गुजरने वाली नेशनल हाईवे की प्रमुख सड़क पर उत्पादन वन मंडल डिपो से बजरंग मंदिर तक बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में

राहगीर गिरकर हर दिन घायल हो रहे हैं। वहीं बारिश का पानी सड़क के गड्ढों में जमा होने के चलते राहगीरों को पता ही नहीं चल पाता कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इस वजह से वाहन गड्ढों में फंसने से लोग गिर रहे हैं। कई बार सड़क पर चलने वाले बड़े वाहनों के नीचे आते-आते बच रहे हैं। क्षेत्र में सड़कों की बदहाली के ये हालात किसी एक सड़क के नहीं हैं। क्षेत्र की करीब 80 फीसदी सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। इन सड़कों पर बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं और वाहनों में भी टूट-फूट हो रही है।

हाइवे पर बने मौत के गड्ढे और ज्यादा गहरे होते जा रहे हैं। इनके कारण अकसर बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं। ये हालात तब हैं जब रोजाना सत्तारूढ़ पार्टी के नेता, प्रशासनिक अधिकारी इस हाइवे से होकर निकलते हैं। लेकिन कोई इन गड्ढों की सुध लेने को तैयार नहीं है। नगर में डिपो के सामने, पुलिस चौकी, गैरिज लाइन, बस स्टैंड, बीजादेही तिराहा के सामने व उससे आगे, डॉ. पाटणकर क्लीनिक के पास, पेट्रोल पंप के सामने, स्टेट बैंक के आगे दर्जनों गड्ढे डिपो से बजरंग मंदिर तक हैं।

ये हो चुके हैं बड़े हादसे

16 अगस्त को घोड़ाडोंगरी ब्लाक के ग्राम पांडरा निवासी मिश्रीलाल बारसे को अज्ञात वाहन ने गैरेज लाइन के पास टक्कर मार दी थी। जिससे उनकी पत्नी कलाबाई की मौके पर मौत हो गई थी। वह और उनकी नातिन घायल हुए थे। वहीं इटारसी निवासी प्राइवेट कंपनी के सेल्समैन रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि कई बार गड्ढों के कारण हाइवे पर बाइक फिसल चुकी है। हल्की चोटें भी आईं, कई महीनों से सड़क का यही हाल है। भौंरा निवासी मोहन मालवीय ने बताया कि बाइक से जाते समय गड्ढों के कारण कई बार बड़े वाहनों की टक्कर से बचे हैं। अब तो सड़क पर चलते डर लगता है। पता नहीं अभी कब हादसा हो जाए। वहीं भौंरा के ही निवासी संजीव विजयकर का कहना है कि कई माह से रोड़ बदहाल है। संबंधित अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं। लोगों को रोड से आने-जाने में दिक्कत होती है। कई बार शिकायत के बाद भी सड़क सुधार पर ध्यान नहीं दिया गया।

इनका कहना है

बारिश के कारण रोड पर हुए गड्ढे में मटेरियल भरवाया जा रहा है। गड्ढों में डामर भी डाला गया था, अधिक बारिश होने के कारण वह निकल गया। अभी गिट्टी से गड्ढे भर रहे हैं बारिश के बाद पूरे रोड का डामर से मेंटेनेंस करवाएंगे।

- आरके गुप्ता, डायरेक्टर पीआईयू भोपाल।

तालिबान राज में गहराते संकट

हाल में अफगानिस्तान में तालिबान शासन का एक साल पूरा हो गया। अपने शासन की पहली वर्षगांठ को विजय दिवस के रूप में मनाते हुए काबुल में तालिबान लड़ाकों ने कहा कि उन्होंने विदेशी ताकतों से अफगानिस्तान को आजाद करवा कर एक बड़ी मंजिल हासिल की। पर इस खोखले विजय दिवस का स्याह पक्ष यह भी है कि तालिबान की वजह से ही इस वक्त अफगानिस्तान एक नहीं, कई संकटों से गुजर रहा है। इनमें मानवीय संकट कहीं ज्यादा गंभीर हैं। देश भयानक सूखे का सामना कर रहा है। आबादी का बड़ा हिस्सा भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। महिलाओं के सारे हक छीन लिए गए हैं। जो महिलाएं अधिकार बहाली की मांग कर रही हैं, उन्हें सरेआम पीटा जा रहा है और जेलों में बंद किया जा रहा है।

(संजीव पांडेय)

अभी हालत यह है कि महिलाओं को महीनों से वेतन नहीं मिल रहा है, क्योंकि इन विभागों का बजट विदेशी अनुदान से मिलता था, जो अब बंद हो चुका है। सबसे बुरी स्थिति तो यह है कि लड़कियों को माध्यमिक और उच्च शिक्षा से वंचित कर दिया गया है। अफगानिस्तान में इस समय पैंतालीस फीसद से ज्यादा लड़कियां माध्यमिक शिक्षा से वंचित हो गई हैं।

हाल में अफगानिस्तान में तालिबान शासन का एक साल पूरा हो गया। अपने शासन की पहली वर्षगांठ को विजय दिवस के रूप में मनाते हुए काबुल में तालिबान लड़ाकों ने कहा कि उन्होंने विदेशी ताकतों से अफगानिस्तान को आजाद करवा कर एक बड़ी मंजिल हासिल की। पर इस खोखले विजय दिवस का स्याह पक्ष यह भी है कि तालिबान की वजह से ही इस वक्त अफगानिस्तान एक नहीं, कई संकटों से गुजर रहा है। इनमें मानवीय संकट कहीं ज्यादा गंभीर हैं। देश भयानक सूखे का सामना कर रहा है। आबादी का बड़ा हिस्सा भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। महिलाओं के सारे हक छीन लिए गए हैं। जो महिलाएं अधिकार बहाली की मांग कर रही हैं, उन्हें सरेआम पीटा जा रहा है और जेलों में बंद किया जा रहा है। महिलाओं के गायब होने के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। तालिबान के कठोर शासन के कारण फिर से लाखों लोग ईरान और पाकिस्तान में पनाह ले चुके हैं। एक बड़ा संकट यह भी कि तालिबान शासन के बावजूद अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर तनाव बढता जा रहा है।

पिछले साल 15 अगस्त को तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर अपनी सत्ता कायम कर ली थी। दरअसल तालिबान की वापसी की आहट के साथ ही कुदरत भी इस मुल्क से नाराज दिख रही थी। तालिबान के सत्ता में आने से पहले ही यह देश भयानक सूखे की चपेट में आ चुका था। यह मार अभी भी कम नहीं पड़ी है। कंधार, हेलमंद जैसे प्रांतों में पीने का पानी भी आसानी से नहीं मिल रहा। खेत भी सूखे पड़े हैं। इन सबका नतीजा यह हुआ कि आज इस मुल्क की आबादी का बड़ा हिस्सा खाद्य संकट का सामना कर रहा है। यहां के चौंतीस में से पच्चीस राज्य सूखे के शिकार हैं।

लेकिन समस्या सूखे तक ही सीमिति नहीं है। इस वक्त अफगानिस्तान जिन संकटों से जूझ रहा है, उसके मूल में राजनीतिक कारण कहीं ज्यादा हैं। तालिबान के सत्ता हथियाने के बाद यहां हालात बदतर ही होते गए। अफगानिस्तान को पश्चिमी देशों से मिलने वाली विदेशी सहायता रोक दी गई। मानवीय आधार पर सिर्फ जरूरी दवाइयां और खाद्य पदार्थ ही अफगानिस्तान को मिल रहे हैं, लेकिन ये पूरी आबादी के लिए तो पर्याप्त नहीं हैं। फिर, साल भर में तालिबानी नीतियों के कारण

आंतरिक हालात भी काफी बिगड़ गए। देश की अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी है।

तालिबान के सत्ता में आने से पहले अफगानिस्तान का बजट विदेशी मदद से चलता था। सरकार के सालाना बजट का पचहत्तर फीसद विदेशी अनुदान से आता था। लेकिन विदेशी मदद अब पूरी तरह से बंद हो गई है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस देश की माली हालत कैसी होगी। देश में रोजगार हैं नहीं। इससे नौजवान आबादी भी मुश्किल में है। एक मोटा अनुमान बताता है कि इस समय डेढ़ करोड़ अफगानी नागरिक रोजाना खाने के संकट से जूझ रहे हैं।

सेव द चिल्ड्रन की रिपोर्ट के अनुसार तालिबान शासन में नब्बे फीसद से ज्यादा अफगानी परिवारों को बच्चों के लिए खाना जुटा पाना भारी पड़ रहा है। पिछले एक साल में महंगाई ने सारे रेकार्ड तोड़ डाले हैं। तालिबान शासन से पहले अफगानिस्तान में एक अंडा छह अफगानी में मिलता था, जो अब तेरह अफगानी में मिल रहा है। पहले एक कुंतल गेहूं छह हजार अफगानी में मिल रहा था, लेकिन अब दस हजार अफगानी में मिल रहा है। सेंट्रल बैंक आफ अफगानिस्तान अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग व्यवस्था से कट चुका है। इससे बैंकिंग व्यवस्था चौपट हो चुकी है।

अमेरिका और तालिबान के बीच जब दोहा में शांति वार्ता हो रही थी तो उसमें महिला अधिकार भी एक अहम मुद्दा था। पिछले दो दशकों में अफगानी महिलाओं को खासे अधिकार हासिल हुए थे। सुप्रीम कोर्ट से लेकर संसद तक में महिलाओं ने अपनी हिस्सेदारी हासिल की थी। सरकारी कार्यालयों में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ी थी। लेकिन तालिबान के सत्ता में आते ही महिलाओं के सारे अधिकार खत्म कर दिए गए। सरकारी दफ्तरों से उन्हें बाहर कर दिया गया। स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे कुछ जरूरी महकमों में ही महिलाओं को काम करने की इजाजत दी गई।

तालिबान ने आदेश जारी कर दिया था कि महिलाएं कार्यस्थलों को छोड़ घर में रहें और अपने घर के पुरुष सदस्यों को नौकरियों में आवेदन करने के लिए कहें। फिर, जहां महिलाओं को काम करने की अनुमति मिली, वहां उनके स्मार्टफोन रखने और पुरुषों से बात करने पर पाबंदी लगा दी गई। अभी हालत यह है कि महिलाओं को महीनों से वेतन नहीं मिल रहा है, क्योंकि इन विभागों का बजट विदेशी अनुदान से मिलता था, जो अब बंद हो चुका है। सबसे बुरी स्थिति तो यह है कि लड़कियों को माध्यमिक और उच्च शिक्षा से वंचित कर दिया गया है। अफगानिस्तान में इस समय पैंतालीस फीसद से ज्यादा लड़कियां माध्यमिक शिक्षा से वंचित हो गई हैं।

तालिबान अपने शासन की पहली वर्षगांठ भले मना रहा हो, लेकिन उसके लिए बुरी खबरें दूसरे मोर्चों पर भी हैं। पंजशीर, बगलान आदि प्रांतों में तालिबान विरोधी लड़ाकों की सक्रियता बढ़ गई है। तालिबान ने पंजशीर घाटी में पूर्ण नियंत्रण का दावा तो किया है, लेकिन समय-समय पर तालिबान विरोधी अहमद मसूद के नेतृत्व में प्रतिरोधी बल (नेशनल रेसिस्टेंस फ्रंट आफ अफगानिस्तान) तालिबान पर हमले कर रहा है। दो महीने पहले ही इस बल ने तालिबान का एक हेलिकाप्टर गिरा दिया था और उसके कई लड़ाकों को बंदी बना लिया था। इस हमले में कई तालिबान लड़ाके मारे गए थे। इसके अलावा अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट (आइएस) भी पूरी तरह सक्रिय है और वह भी हमलों को अंजाम देता रहा है।

अफगानिस्तान में तालिबान के एक साल के शासन के बाद अफगान-पाकिस्तान संबंधों की समीक्षा भी जरूरी है। काबुल पर तालिबान के नियंत्रण के बाद पाकिस्तानी सत्ता तंत्र प्रसन्न था, क्योंकि भारत अफगानिस्तान से उस समय बाहर हो गया था। लेकिन बीते एक साल में तालिबान शासित अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आपसी संबंधों में कड़वाहट बढ़ी है। पाकिस्तान के लिए अफगान तालिबान उत्साही नतीजे नहीं दे रहा है। पाक-अफगान सीमा पर बाड़बंदी को लेकर दोनों मुल्कों के बीच तनाव है।

तालिबान लड़ाकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को बाड़बंदी से रोकने की कोशिश की है। दोनों तरफ से गोलाबारी की भी खबरें आती रही हैं। पर सबसे दिलचस्प खबर यह है कि अफगान तालिबान ने डूरंड लाइन को लेकर पाकिस्तान के कहे अनुसार अपना आधिकारिक दृष्टिकोण नहीं बदला है। अफगान तालिबान ने पूर्ववर्ती अफगान सरकारों के आधिकारिक नजरिए को ही कायम रखने का फैसला किया। इससे पाकिस्तान का निराश होना स्वाभाविक है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को लेकर भी अफगान तालिबान का रुख नरम है। इससे भी पाकिस्तान उससे नाराज है। पाकिस्तान के अनुरोध के बावजूद अफगान सीमा में मौजूद पाकिस्तानी तालिबान के आतंकियों पर कार्रवाई नहीं किए जाने से भी तनाव बढ़ रहा है।

आने वाले वक्त में अफगान तालिबान की मुश्किलें और बढ़ेंगी। देश के पास पैसा नहीं है। विदेशी अनुदान बंद है। विदेशी अनुदान देने वाले मुल्क तालिबान की सोच में बदलाव चाहते हैं।

जन्माष्टमी

करें अहंकार का विसर्जन,
श्री कृष्ण यही सिखाते।
गोकुल के कंस संहारक,

श्रीकृष्ण की दीवानी सारी दुनिया।
दुख संताप मिटाती,
मिथ्या दुख में रहता जन।
करो ध्यान श्री कृष्ण का,
विश्व धरा पर....।
दर्शन होता श्रीकृष्ण का,
जीवन में खुशियाली आती।

- गोविन्द सूचिक, अदनासा।

दुखद घटना की लाईव रिपोर्ट-

बहुत व्यथित है मन

निर्मल शिवरंजन तुम्हारा जीवन बहुत महत्वपूर्ण था देश के लिए, लेकिन यह क्या हो गया? सुना है आप बहुत बड़े तैराक थे। समुद्रतल तक चले जाते थे लेकिन बरसात की एक नदी निगल गई कैप्टन को। मैंने न तो पहले कभी देखा था, न कभी मिला कैप्टन से। लेकिन पिछले 68 घंटे की मशक्कत के बाद मिली भी तो उनकी निष्प्राण देह।

ये 68 घण्टे हमारे लिए कठिन परीक्षा की घड़ी थे। मेरा मस्तिष्क इस दौरान कई प्रश्न खड़े कर रहा था। क्या मौत का जबड़ा सोचने समझने की शक्ति को शून्य कर देता है? क्या कैप्टन के लिए यह जबड़ा इस अनजान जगह पर उन्हें खींच कर ले आया था? हम सब जानते हैं, समझते हैं, सुनते हैं, देखते हैं, फिर आखिर उस वक्त क्या हो जाता है जब हम स्वयं अपने जीवन के लिए इसे समझने की जरूरत होती है? कैप्टन भी बस यहीं चूक गए। अभी तो बहुत कुछ करना था देश के लिए कैप्टन को। लेकिन पल भर में सब समाप्त हो गया।

विगत 20 दिन से स्वास्थ्य कहीं न कहीं दुर्बलता दे रहा था मुझे, बहुत कुछ छूट भी रहा था इस कारण। लेकिन यह ऐसी घटना थी कि पिछले 68 घण्टे शरीर को याद ही न रख सका मैं। सेना के अधिकारी बता रहे थे कि समय का पाबंद यह कैप्टन समय की बलि चढ़ गया। खतरों के खिलाड़ी निर्मल शिवरंजन मौत के जबड़े को नहीं भेद सके। उफ्फ.. देश ने एक युवा योद्धा खो दिया।

कैप्टन एक प्रशिक्षण हेतु पचमढ़ी में थे। तीन माह पहले विवाह हुआ था। पत्नी भी लेफ्टिनेंट। रक्षाबंधन पर जबलपुर गए थे। लौट कर वापस आ रहे थे तो मृत्यु ने पीछा करना शुरू कर दिया। जिस मार्ग से जाना था वहां नदी का पानी पुल पर था। समय की पाबंदी थी सुबह 6 बजे तक उपस्थिति दर्ज कराना थी। किसी ने सलाह दे दी वैकल्पिक रास्ते की। बरेली से पिपरिया के सीधे रास्ते के बजाए बाड़ी से नसीराबाद नर्मदा पार कर आगे बढ़े। रात 8.30 बजे रात के अंधेरे में अम्बोर नदी पर विकराल जलराशि को समझ ही न सके। फिर क्या हुआ होगा? जल की शक्ति सैनिक के विश्वास पर भारी पड़ गई, कैप्टन वही कर बैठे जो नहीं करना चाहिए था। पत्नी के साथ साझा की गई लाइव लोकेशन बन्द हो गई सम्पर्क समाप्त हो गया। अंतिम लोकेशन उफनती हुई अम्बोर नदी के पुल पर थी जिस पर उस समय 15 फिट से ज्यादा पानी था। सुबह परिजनों ने चिंता जताई। हम सब सक्रिय हुए लेकिन 14, 15, 16 अगस्त को हो रही बरसात व अम्बोर नदी के आगे नर्मदा का अवरोध, केवल जल ही जल था बाकी कुछ नहीं। बड़े-बड़े वृक्ष जलमग्न थे। विशाल जलराशि में हम केवल चिड़िया की तरह उड़-उड़कर पंख फड़फड़ा रहे थे। राज्य डिजास्टर मैनेजमेंट के डीसी श्री राजेश जैन, माखननगर के टीआई हेमन्त श्रीवास्तव सहित पूरी टीम 60 घण्टे का समय बीत चुका था न पानी कम हो रहा था न हौंसले, हमने नर्मदा पर से सहायता ली रायसेन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमृत मीणा साहब और बुदनी एसडीओपी श्री शशांक गर्ग से, सेना के मेजर रमेश और उनके साथी सभी तो प्रयासरत थे। अंततः नर्मदा का रौद्ररूप कम होना शुरू हुआ तो अम्बोर आगे बढ़ी। पानी उतरा तो, लेकिन फिट में अभी भी नापना सम्भव नहीं था। आखिर नदी के गहरे पानी मे डिजास्टर टीम के आंकड़े से कुछ टकराया। यह कैप्टन की होंडा कार थी। निकाली तो ड्राइवर साइड का कांच खुला था, मगर कैप्टन नहीं थे। वे भी आखिर जांबाज सैनिक थे, लड़े तो होंगे ही मृत्यु से सामना करते हुए। कार मिल चुकी थी। दुर्घटना हुई है यह पुष्टि हो चुकी थी।

कैप्टन की देह कहाँ है? अब तलाश शुरू हुई। आगे वेग से बहती नर्मदा थी। विशाल जनसमूह एक्टर हो गया था। यहां देखो, वहां देखो का शोर शुरू हो चुका था। जाल डालकर नदी के तल में खोज शुरू हुई। लेकिन अनुभव के आधार पर मेरा मन कुछ और ही कह रहा था। 36 वर्ष में अनेक बार ऐसे दुर्योग बने थे। बस वही अनुभव था। अचानक मैंने होमगार्ड की बोट

चौधरी मदन मोहन समर, एसडीओपी सोहागपुर।

ऑपरेटर रामनाथ वर्मा से कहा चलो मेरे साथ। साथ में डिजास्टर के स्वयंसेवक उमेश कहार, राकेश कहार, उमेश पिता भभूति कहार, और होमगार्ड सैनिक प्रदीप को साथ ले मैं बाकी लोगों को उनका काम करता छोड़ एक संभावना लिए अनुमानित मिशन पर चल दिया। सामने चुनौती थी और साथ में विश्वास था। नदी के हर मोड़ पर पचास-पचास मीटर के ब्लॉक इमेज किये और सर्चिंग में जुट गए। एक जगह सियारों का झुंड दिखा। आशंका हुई तो वहां देखा लेकिन कोई चिन्ह नहीं था कैप्टन का। तीन-चार किलोमीटर तक चप्पा-चप्पा छाना। आगे नर्मदा थी। अब दूसरे तट को देखना था। तीन घण्टे बीत चुके थे। नदी में बबूलों के झुरमुट आये। न मालूम मुझे क्यों लगा यहां कुछ होना चाहिए। एक-एक बबूल को देखना था। बस आगे बढ़ रहे थे तलाश करते हुए। तभी मैं ठिठका, एक दुर्गंध का झोंका मेरी नाक को महसूस हुआ। रुको...। बोलते ही साथी मेरी ओर देखने लगे। सर क्या हुआ...। महसूस करो यह गंध कैसी है? जी सर गंध तो है। तभी राकेश जो मछुआरा है ने इधर-उधर देखा और किसी विशेष प्रकार की मछलियों की उछाल पर उसकी दृष्टि गई। सर ये मछलियां भी उछल रही हैं जरूर यहीं कुछ है। हम सतर्क हुए। बारीकी से सारे बबूल देख रहे थे। इस बीच उमेश की नजर किनारे तरफ पड़ी। सर देखिए वह क्या है...एक अस्पष्ट सी वस्तु को देख उसने कहा। हमने बोट उधर बढ़ा दी। एक बड़े से बबूल की घनी शाखाओं के पीछे जल को छूता हुआ मानव शव था वह। नजदीक गए। हमने देखा वह कैप्टन निर्मल शिवरंजन की निष्प्राण देह थी। अत्यंत फूली हुई। बाकी वर्णन मैं नहीं लिख सकता। नाव में किसी ने कहा सर सफलता मिल गई। मैं खामोश था कैप्टन को देखते हुए। कार्य पूर्ण हुआ था लेकिन सफलता कैसे कहूँ इसे। बस यंत्रवत मैंने एसपी साहब को सूचित किया। पुल से एक बोट और बुलवा कर कुछ लोगों को भेजने हेतु निर्देशित किया। ताकि उस देह को उठा सकें। कैप्टन तो जा चुके थे अनन्त यात्रा पर। देह लेकर जब हम बाहर आये हजारों की भीड़ में केवल सन्नाटा था। हमारी आंखे नम थी। उन्हें वाहन पर चढ़ा रहे थे तभी एक नारा गूंजा जो किसी ग्रामीण ने लगाया था - भारत माता की जय। मैने सैल्यूट किया हाथ जोड़े। कैप्टन की अंतिम यात्रा में एक कांधा मेरा भी ऐसे लगेगा कभी नहीं सोचा था मैंने।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

न्यूज ट्रेक

गली-मोहल्लों में संचालित अवैध मांस की दुकानें बंद हो : शिवसेना

अनोखा तीर, खंडवा। जन्माष्टमी, गोगा नवमी, गणेशोत्सव, सकल जैन समाज का पर्यूषण पर्व आदि त्योहारों को देखते हुए निगम द्वारा शीघ्र ही नगर में संचालित हो रही अवैध मांस की दुकानों एवं बूचडख़ाने पर रोक लगाई जाना चाहिए। शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने आरोप लगाते हुए कहा कि

शहर में गली कोनों में अवैध मांस का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। निगम के अधिकारी आंख बंद कर जेब भरने में लगे हुए हैं। निगम में जो दोषी अधिकारी हैं उनको तत्काल सस्पेंड किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से शिवसेना अपील की है कि ऐसे अवैध कारोबार पर जल्द से जल्द प्रतिबंध लगाया जाए। इसके लिए एक जांच कमेटी बैठाई जाए जो भी दोषी है उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

महापौर, निगमाध्यक्ष व पार्षदों का किया सम्मान

अनोखा तीर, खंडवा। पदम नगर स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में चालिहा महोत्सव के दौरान श्री पूज्य सिंधी पंचायत एवं श्री झूलेलाल मंडल के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों द्वारा नगर निगम निर्वाचन के दौरान महापौर, अध्यक्ष एवं सिंधी समाज के तीनों वार्डों में

विजयश्री दर्ज करने वाले पार्षदों का श्री पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कॉलोनी अध्यक्ष दादा गेहीराम सीतलानी के विशेष आतिथ्य में हार्दिक अभिनंदन करते हुए शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महापौर एवं निगम अध्यक्ष के साथ ही सभी विजयी पार्षदों ने भगवान श्री झूलेलाल जी के श्री चरणों में नतमस्तक होकर क्षेत्र के विकास करने का वचन देते हुए क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष कंचन तनवे का किया सम्मान

अनोखा तीर, खंडवा। जिले के ग्राम जावर में प्रथम आगमन पर जिला पंचायत अध्यक्ष कंचन मुकेश तनवे एवं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि का समस्त ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। अध्यक्ष तनवे ने सभी

को जन्माष्टमी की बधाइयां देते हुए कहा कि आपकी एक–एक समस्या के लिए हमेशा तैयार रहेंगे और आपके जावर को एक बेहतर पंचायत बनाने में मेरा पूरा सहयोग करेंगे। इस अवसर पर सभी पंचगण सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

ट्रस्ट निर्णय के खिलाफ दादाजी भक्तों का विरोध प्रदर्शन आज

अनोखा तीर, खंडवा। श्री दादाजी मंदिर में कोरोना काल में समाधि श्री पर भक्तों द्वारा पूजन हेतु पुष्प, श्रीफल, चिरोंजी इत्यादि चढ़ाने पर रोक लगी थी। अब जब सारे विश्व में सब रोक हट चुकी है तब भी श्री दादाजी मंदिर में साधारण भक्त अपने ईष्ट दादाजी को फूलमाला, श्रीफल, चिरोंजी, रेवड़ी का परशाद अर्पित नहीं कर सकते, लेकिन अमीर लोग बढ़िया मिठाई और मेवे का भोग लगा सकते है, लेकिन साधारण व्यक्ति चिरोंजी का भोग नहीं लगा सकता। वर्षो से चली आ रही पूजा पद्धति को ट्रस्ट अपनी हतधर्मिता से रोक रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि 20 अगस्त शनिवार को 11 बजे सभी दादाजी भक्त गणेश गौशाला परिसर से दादाजी मंदिर तक निशान धारियों की अगवानी में दादाजी नाम भजते हुए श्रीफल और फूलमाला लेकर दादाजी समाधि पर सामूहिक रूप से अर्पित करेंगे ।

जन्माष्टमी: सजे बाल गोपाल मंदिर, पालना झूले नंदलाल

● जन्मोत्सव पर पट खुलते ही भगवान कृष्ण के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

अनोखा तीर, खंडवा।

शहर में प्रमुख मंदिरों के अलावा घर-घर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व परंपरागत ढंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सारा शहर कृष्णमय हो गया। शहर के मंदिर शुक्रवार को श्रीकृष्ण के भजनों से गूंज उठे। शहर में मंदिरों को अलग-अलग थीम पर आकर्षक रूप से सजाया गया था। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जन्माष्टमी पर घर-घर में नंदलाल के पालने सजाए गए। अधिकांश जगह आकर्षक झांकियां सजाई गई तो कहीं-कहीं छोटे रूप में मटकी फोड़कर उत्साह के साथ उत्सव मनाया गया। शहर के स्कूलों में भी पर्व को लेकर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। वहीं सर्व यादव समाज के तत्वावधान में पदमनगर से मालीकुंआ तक भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जन्माष्टमी पर्व पर सारा शहर नंदलाल की अगवानी के लिए आतुर दिखाई दिया। दिन भर शहर के लोग बंसीधर की भक्ति में लीन रहे। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु बालगोपाल को निहारने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। नंदलाल का विशेष श्रृंगार किया गया। दिनभर भजन कीर्तन के बाद रात को मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के जयकारे से शहर गूंज उठा। बालगोपाल को पालने में झूलाकर श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां मनाई गई। नटवर नागर के जन्मोत्सव पर पंजरी और माखन मिश्री का विशेष भोग लगाया गया।

मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

जन्माष्टमी के पावन अवसर पर खंडवा के श्रद्धालुओं का तांता अग्रवाल धर्मशाला गोपाल मंदिर, मुनिबाबा मंदिर बजरंग चौक, सत्यलक्ष्मीनारायण मंदिर बुधवारा, पार्वतीबाई धर्मशाला श्रीकृष्ण मंदिर, बालाजी मंदिर घंटाघर, द्वारकाधीश हवेली मंदिर, तपस्वी बाबा मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर बाहेती कालोनी पर लगा रहा। रात्रि 12 बजे मंदिर के पट खुलते ही भगवान के जन्मोत्सव पर मंत्रोच्चार के साथ महाआरती की गई एवं श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों में बने आकर्षक झूले में भगवान श्रीकृष्ण को झुलाया गया। सभी मंदिरों में माखन के साथ मिठाई, फल फ्रूट व पंजरी के प्रसाद का वितरण हुआ। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ओम अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल धर्मशाला में राधा-कृष्ण मंदिर को तिरंगा थीम पर आकर्षक रूप से सजाया गया। बाल गोपाल का आकर्षक पालना एवं भगवान अग्रसेन महाराज की प्रतिमा को भी तिरंगे से सजाया गया। वहीं बालाजी भजन मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया गया वहीं मुनिबाबा मंदिर में आकर्षक झांकी के साथ भगवान को आकर्षक पोशाक पहनाई गई थी जो श्रद्धालुओं का मनमोह रही थी।

प्राचीन विठ्ठल मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उत्साह के साथ गुरुवार को मनाया गया। सुबह से भगवान का अभिषेक हुआ। भगवान का विशेष श्रृंगार मंदिर के पुजारी राम श्याम आष्टेकर परिवार द्वारा किया जाकर भगवान श्री बाल गोपाल कृष्ण का आकर्षण झूला सजाया गया। रात 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाकर महाआरती की गई। आरती के पहले भगवान श्रीकृष्ण की जन्म कथा का वाचन भी किया गया। आरती पश्चात पंजरी प्रसादी का वितरण भी किया गया।

बीच बाजार लड़े सांड, मची अफरा-तफरी

● शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का डेरा

अनोखा तीर, खंडवा।

शहर में आवारा पशुओं का आतंक आए दिन देखने को मिल रहा है। जहां कुछ दिन पहले एक आवारा सांड ने एक बुजुर्ग महिला को उठाकर पटक दिया था। वहीं शुक्रवार को फिर आवारा सांडों का आतंक शहर में देखने को मिला है। जन्माष्टमी पर्व की तैयारियों के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ रही, इस दौरान रामगंज में दो आवारा सांड की आपस में जोरदार लड़ाई बीच सड़क हुई। इनकी लड़ाई की वजह से त्यौहार की खरीदारी करने आए लोगों ने अपना रास्ता बदल लिया। दोनों सांड की लड़ाई इतनी जोरदार थी कि इन्होंने कई गाड़ियों को गिरा कर रास्ते पर दौड़ लगाई जिसकी वजह से लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। रामगंज स्थित शीतला माता मंदिर वाली गली में भी मवेशी अपना ढेरा लगाए बैठे रहते हैं। आए दिन इन आवारा जानवरों का आतंक दिखाई दे रहा है। उसके बाद भी नगर निगम के जिम्मेदार इस ओर ध्यान ही नही दे रहे हैं। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते किसी दिन किसी की जान पर बनाएगी। पिछले दिनों 10 अगस्त को एक आवारा सांड ने एक बुजुर्ग महिलाओं को उठाकर पटक दिया था जिसके बाद महिला को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा और उसकी जान पर बनाई थी इसके बाद भी नगर निगम के जिम्मेदार नहीं जाग रहे हैं।

22 साल पुराने शाला भवन की छत हुई जर्जर

● छत से गिर रहा मेटेरियल, विद्यार्थियों की जान को खतरा

अनोखा तीर, मून्दी।

नगर के महात्मा गांधी वार्ड 1 परधान बैडी में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला की छत अत्यन्त जर्जर हो गई है। इस शाला में 1 से 5 तक की कक्षा में कुल 80 विद्यार्थी अध्ययनरत है। 90 प्रतिशत विद्यार्थी आदिवासी समुदाय के है। संस्था कुल 4 कमरे हैं। 22 साल पहले बने शाला भवन की छत जर्जर हो गई है। छत में लगा मटेरियल दरकने लगा है। हालात यह हो गए हैं कि छत कभी भी गिर सकती है। ऐसे में अभिभावक भी चिन्तित हो गए हैं। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भारत सिंह ने शाला भवन की छत को तत्काल मरम्मत करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की जान को खतरा हो गया है। उधर प्रधान पाठक राजेन्द्र गोर ने बताया कि तीन कमरो की छत दरकने लगी तो वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया। अभी एक सुरक्षित कमरे में 5 कक्षाओं के विद्यार्थियों को बैठा कर अध्यापन कार्य किया जा रहा है।

इस संबंध में डीपीसी पीएस सोलंकी ने बताया कि मामला मेरी जानकारी में है, मैंने शाला का निरीक्षण किया है। तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था हो ऐसे प्रयास कर रहे है। समस्या का जल्द निराकरण करेंगे।

देशभर के रेडियो श्रोताओं का महाकुंभ हरियाणा में आज

● पूर्व व पश्चिम निमाड़ के रेडियो श्रोता भी जाएंगे हरियाणा

अनोखा तीर, खंडवा। अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन प्रतिवर्ष 20 अगस्त को मनाया जाता है। इस वर्ष का रेडियो श्रोताओं का यह सम्मेलन हरियाणा के करनाल जिले में संपन्न होने जा रहा है। मध्य प्रदेश रेडियो श्रोता कल्याण समिति के प्रदेश संयोजक योगेश गुजराती ने बताया कि पूर्व में यह श्रोताओं का सम्मेलन महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ में होता रहा है। इस वर्ष हरियाणा के करनाल जिले में अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। करनाल के दो दिवसीय सम्मेलन में प्रथम दिवस 19 अगस्त को सायं संगीत निशा में श्रोताओं द्वारा गीत बहार प्रोग्राम के अंतर्गत मधुर प्रस्तुतियां दी जाएगी। 20 अगस्त को विभिन्न श्रोता संघों द्वारा अपने राज्यों की गतिविधियों के संबंध में बताया जाएगा जिससे राष्ट्रीय समिति को यह निर्णय लेने में आसानी होगी कि वह अगला सम्मेलन किस नए राज्य को सौपें। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम व श्रोताओं का परिचय व सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेडियो श्रोता फूलवती देवी मान एवं घरौंडा के समाजसेवी एवं पूर्व विधायक नरेंद्र सांगवान तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता चंडीगढ़ के वरिष्ठ श्रोता सतीश अनेजा करेंगे। रेडियो एफएम गोल्ड के कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र मोहन शर्मा विशेष अथिति रहेंगे।

विधायक ने अस्पताल को मिली संजीवनी एंबुलेंस का किया लोकार्पण

● सरकार अतिथि शिक्षक की तर्ज पर करें अतिथि चिकित्सक की नियुक्तिः डॉ. अग्रवाल ● सड़क चौड़ीकरण और ए. डक्ट पुल मार्ग निर्माण को लेकर सेष ग्रुप ने सौंपा ज्ञापन

अनोखा तीर, बड़वाह।

प्रदेश सरकार जिस तरह शिक्षा विभाग में अतिथि शिक्षक की भर्ती कर रही है, उसी तर्ज पर सरकार ने स्वास्थ विभाग में भी अतिथि डाक्टर की नियुक्ति करने का भी प्रावधान करना चाहिए। जिससे कि हर बड़े अस्पतालों में बड़ी से बड़ी बीमारी का उपचार आसानी से हो सके। यह बात शहर के डॉ. बीआर अग्रवाल ने शुक्रवार दोपहर 1 बजे शासकीय अस्पताल में संजीवनी एंबुलेंस के लोकार्पण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों पहले बड़वाह शहर में सरकार द्वारा 100 बिस्तरीय हॉस्पिटल की सौगात दी थी। जिससे आज बड़वाह और आसपास के करीब 50 ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासी बीमार अवस्था में उपचार के लिए इस सिविल हॉस्पिटल में आते हैं। जबकि यह हॉस्पिटल इंदौर इच्छापुर हाइवे पर होने से आए दिन होने वाली बड़ी छोटी दुर्घटना में हर व्यक्ति इसी हॉस्पिटल में उपचार के लिए आता है। लेकिन यह हॉस्पिटल बड़ा होने के बावजूद यहां हमेशा डाक्टरों के साथ इमरजेंसी सुविधाओं की कमी देखी जाती है। इस कमी को पूरा करने के उद्देश्य से डॉ. श्री अग्रवाल ने विधायक सचिन बिरला को प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के संज्ञान में डालकर अतिथि शिक्षक की तर्ज पर अतिथि डॉक्टर अस्पताल में नियुक्त कराने की बात कही। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को संजीवनी एंबुलेंस लोकार्पण के दौरान विधायक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी का समय सुनिश्चित किया जाए। ताकि रोगियों को समस्या नहीं हो। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि अस्पताल में ड्यूटी समय में गैरहाजिर रहने वाले डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। विधायक ने अस्पताल में समय पर ड्यूटी आने और समय पर ड्यूटी से जाने के लिए थंब मशीन का उपयोग तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि समय-समय पर अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने ने कहा कि बड़वाह अस्पताल का भार कम करने के लिए बैड़िया, बलवाड़ा, बागोद और सनावद के शासकीय अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बलवाड़ा के लिए भी संजीवनी एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस जल्दी ही उपलब्ध कराएंगे। जबकि बड़वाह शासकीय अस्पताल में जल्दी ही सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक ने कहा कि अस्पताल परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए एनटीपीसी से राशि उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही अस्पताल परिसर की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग को निर्देश दिए जाएंगे। ताकि अस्पताल परिसर में असामाजिक गतिविधियों पर

अंकुश लग सके। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह तोमर, जितेंद्र सुराणा, दीपेश विजयवर्गीय, जनपद सदस्य विरेंद्र माले, पार्षद विजय सोनी, आशीष जैन, सुनील चौधरी, रजनी भंडारी, धनलक्ष्मी शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सेष ग्रुप ने सड़क मार्ग की मरम्मत कराने दिया पत्र – नगर की गंभीर समस्या इंदौर-इच्छापुर हाइवे पर लगने वाले जाम और मुख्य हाइवे मार्ग के गड्ढो से निजात पाने के लिए सेष बड़वाह ग्रुप सदस्यों ने विधायक सचिन बिरला को एक पत्र दिया। जिसमें सदस्यों ने बताया कि शासन द्वारा इंदौर से बलवाड़ा तक 34 करोड़ की लागत से पुराने सड़क मार्ग को ही नवीनीकृत किए जाने की घोषणा की है।

जबकि बलवाड़ा से नर्मदा पुल तक का भी मार्ग आज जर्जर अवस्था में हो चुका है। जिसको देखते हुए शासन द्वारा जो इंदौर से बलवाडा तक के सड़क मार्ग को नवीनीकरण करने की घोषणा की है, उसे आगे बढ़ाकर बलवाड़ा से नर्मदा पुल तक किया जाए। जबकि धार्मिक स्थल ओंकारेश्वर जाने वाले सभी यात्री एक्काडक्ट पुल होकर जाने लगे है। लेकिन आज वह सड़क मार्ग भी भारी यातायात के कारण गड्ढो में तब्दील हो चुका है। जहां दोनो साइड की सड़कों का नवीन निर्माण कराया जाए। सदस्यों की समस्त मांग सुनकर विधायक श्री बिरला ने मंच से सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।

दस रईसों के चक्कर में नहीं हुआ शहर की सड़क का चौड़ीकरण – सिविल अस्पताल के लोकार्पण कार्यक्रम के बाद शहर के समाजसेवी एवं मां प्राणी सेवा समिति के सदस्य अरविंद पगारे ने विधायक सचिन बिरला से कुछ समय के लिए शहर के सड़क चौड़ीकरण को लेकर चर्चा की। इस दौरान श्री पगारे ने कहा कि वर्ष 2016 सिहस्थ के दौरान शहर के काटकूट फाटे से नर्मदा पुल तक सड़क का चौड़ीकरण के आदेश शासन द्वारा हुए थे। लेकिन इस सड़क चौड़ीकरण के लिए जहां शहर में अतिक्रमण तोड़ा गया। लेकिन शहर के दस रईसों के चक्कर में उनके अतिक्रमण नहीं टूटने से आज तक सड़कों का चौड़ीकरण नहीं हुआ। जिसके कारण काटकूट फाटे से लेकर सालिया बाबा तक कई बड़ी छोटी वाहन दुर्घटना हुई है। जिसमें किसी का बेटा, किसी की मां और किसी का भाई मौत के मुंह में समा गया। लेकिन दुख तब होता है, जब हम ऐसी लाशों को अपने हाथो से उठाकर लाते हैं और जब कोई परिवार का सदस्य शमशान में आता है तो वह भी हमे बताता है कि शहर में सड़क दुर्घटना में मेरा बच्चा मर गया। लेकिन इसके बावजूद भी सड़क चौड़ीकरण का काम नहीं हो रहा है। इस बात को सुनकर विधायक श्री बिरला ने कहा कि मैंने स्वयं ने एक घंटे शिवराज सिंह जी के पास बैठकर 18 करोड़ की राशि मंजूर करने की बात कही है। ताकि एक्काडक्ट पुल मार्ग के दोनों साइड सीमेंट का सड़क निर्माण और काट फाटे से नर्मदा पुल तक 6-6 फीट सड़क चौड़ीकरण कार्य हो सके। वहीं आज में आपसे वादा करता हूं कि जैसे ही यह राशि स्वीकृत होगी, शहर के इन दो प्रमुख कार्यों को पूरा करूंगा। फिर चाहे शहर के किसी भी रुस्तम की दुकान इसमें बाधा बने किसी को नहीं छोड़ेंगे।

न्यूज ट्रेक

डिजिटल कॉन्वेंट स्कूल में संत के सानिध्य में मनाया जन्माष्टमी पर्व

अनोखा तीर, खातेगांव। स्थानीय डिजिटल कॉन्वेंट स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि नेमावर के पुज्यनीय संत शिरोमणि श्री रामस्वरूप जी शास्त्री, कौशल जी व्यास, प्रवीण जी दुबे के सानिध्य में बांके बिहारी भगवान का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संत के सानिध्य

में बच्चों ने पूजन, स्तुति एवं जय जगदीश आरती एवं पुष्पांजलि की। स्कूल के प्राचार्य प्रदीप उपाध्याय एवं अभिषेक पटेल द्वारा अतिथि का पुष्पहार, शाल, श्रीफल स्मृति चिन्ह के भेंटकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भगवान के चरित्र आधारित नाट्य, संगीत, नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। विद्यायल की शिक्षिकाओं द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की जीवनी, गीता श्लोक एवं उपप्राचार्य द्वारा भजन की मनोरम प्रस्तुति भी दी गई। लगभग सभी बच्चे राधाकृष्ण की वेशभूषा प्रतियोगिता में शामिल हुए। साथ ही दही हांडी प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अंत में प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन अन्वेशा उपाध्याय एवं अंशिका उपाध्याय ने किया।

खाटू धाम की द्वितीय पैदल निशान यात्रा 22 से

अनोखा तीर, खातेगांव। शीश के दानी, हारे के सहारे, लखदातार, कलियुग के अवतारी बाबा खाटू श्याम के दर्शनार्थ खातेगांव के श्याम प्रेमियों का एक जत्था आगामी 22 अगस्त से पैदल निशान ध्वजा लेकर राजस्थान के पावन श्री खाटू श्याम धाम के लिए रवाना होगा। उक्त जानकारी देते हुए जत्था प्रभारी विजय यादव ने बताया कि विश्व शांति व क्षेत्र में खुशहाली की मनोकामना के लिए यह पैदल निशान यात्रा का द्वितीय वर्ष है। यात्रा सोमवार प्रात: 11 बजे खातेगाँव के श्री खाटू श्याम मंदिर से सुसज्जित श्री श्याम रथ के साथ नगर के मुख्य बाजार होती हुई निकलेगी। उन्होंने बताया कि लगभग 800 किमी की यह यात्रा कन्नौद, आष्टा, पचोर, जीरापुर, माचलपुर, बकानी, झालावाड, कोटा, जयपुर, रिंगस होते हुए करीब तीन सप्ताह में बाबा खाटू श्याम के दर पर पहुंचेगी।

दो दिवसीय 68वें विमान उत्सव के लिए बैठक आयोजित

अनोखा तीर, कांटाफोड़। जिले के सबसे बड़े आयोजनों में शामिल कांटाफोड़ का विमान उत्सव जो कि 6 व 7 सितम्बर को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाएगा। नगर का प्रत्येक नागरिक इस उत्सव को अपना मानकर तैयारी में लग जाता है। 2 दिनों तक संपूर्ण रात्रि भर जागरण कर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों की सेवा में लगे रहते हैं। जिसकी तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही नई समिति का गठन भी किया गया।

जिसमें सर्वानुमति से अध्यक्ष राजेश होलानी, उपाध्यक्ष चंद्रकांत भट्ट, सचिव सुशील पसारी, कोषाध्यक्ष सुनिल शर्मा, राजेंद्र मालवीया को बनाया गया। समिति संयोजक शैलेष होलानी ने बताया कि नगर का विमान उत्सव 68 वर्षों से मनाया जा रहा है। साथ ही इस उत्सव को मानने वाली यह तीसरी पीढ़ी है। विमान उत्सव की तैयारियों को लेकर नगर के नागरिकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रथम दिन कांच जड़ित विमान सभी मन्दिरों से निकाल जाएंगे। जिसमें की जाने वाली व्यवस्थाएं रात्रि में होने वाली प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण की स्वीकृति लेकर पम्पलेट में नाम शामिल किया गया। उत्सव में लगने वाली लाईटिंग साउण्ड टेन्ट आदि का ठेका बोली के माध्यम से सार्वजनिक रूप से दिया गया। दो दिवसीय विमान उत्सव में दूसरे दिन द्वादशी को होने वाले कार्यक्रम में चुनरी यात्रा व महाआरती के बारे में भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

देवास की धरोहरों पर आधारित छायाचित्रों की प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

अनोखा तीर, देवास। आज के आधुनिक युग में समाप्त होती जा रही शहर की धरोहरों को आज की युवा पीढ़ी तक पहुंचाने एवं इन्हें बचाने के उद्देश्य से विश्व छायांकन दिवस पर जाने माने छाया चित्रकार मोहन सिंह राजपूत की देवास की धरोहरों पर केंद्रित छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन 19 अगस्त को विक्रम सभा एवं कला भवन में हुआ। प्रदर्शन का उद्घाटन नगर निगम आयुक्त विशाल

सिंह चौहान, ख्यात छाया चित्रकार अखिल हार्डिया, इतिहासविद दिलीप जाधव एवं समाजसेवी पंडित रितेश त्रिपाठी ने फीता काटकर एवं माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी 21 अगस्त तक चलेगी। श्री राजपूत ने बताया कि प्रदर्शनी आयोजन के दौरान देवास के वरिष्ठ फोटोग्राफर स्व. गणपतराव पवार को भी पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राधाकृष्ण मंदिर में बना फूल बंगला

प्रदीप साहू, खातेगांव।

- **जन्माष्टमी पर चल समारोह में आकर्षण का केंद्र थी जीवंत झांकिया**
- **चल समारोह में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक**

यादव अहिर समाज खातेगांव की ओर से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर खातेगांव नगर में ऐतिहासिक चल समारोह परंपरा अनुसार निकाला गया। चल समारोह शोभायात्रा, कलश यात्रा में भारतीय संस्कृति की झलक के साथ ही राष्ट्रीयता से ओतप्रोत जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र थी। भगवान बांके बिहारी श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा जी, गंगा उद्गम, शिव पार्वती, भारत माता, मां कालका, बालस्वरूप में भगवान कृष्ण, राम सीता लक्ष्मण सहित इंडियन आर्मी, भारतीय नौसेना, इंडियन एयर फोर्स, जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर बाल स्वरूप में पलने में विराजे भगवान बाल गोपाल रथ में सवार होकर निकले। भगवान जगन्नाथ पुरी के रथ की तरह ही युवा मंडली भगवान के रथ को खींच रही थी। बड़ा ही सुंदर दृश्य युवा मंडली द्वारा प्रस्तुत किया गया। झांझ मंजीरा पर भगवान के समक्ष नृत्य, रामायण से रावण अंगद संवाद की जीवंत झांकी, समुद्र मंथन, श्रीकृष्ण व्यामशाला के कलाकारों द्वारा अखाड़े के माध्यम से अनेक प्रस्तुतियां बाबा भोले की बरात जैसी सुंदर जीवंत झांकी चल समारोह में मुख्य आकर्षण थी। पूरे चल समारोह में भारतीय संस्कृति के साथ ही राष्ट्रीयता की झलक दिखी। बड़ी संख्या में चल समारोह का खातेगांव नगर में गणमान्य जनों द्वारा सामाजिक संगठन, राजनीतिक संगठन, नगर परिषद सहित अनेक समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर यादव समाज अध्यक्ष एवं पार्षदों का साफा बांधकर पुष्पहार से स्वागत व अभिनंदन किया। जगन्नाथ पुरी के रथ के समान रथ में विराजे भगवान के पलने को नगर परिषद अध्यक्ष सारिका नरेंद्र चौधरी व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने झूला झुलाया। साथ ही भगवान बाल गोपाल के दर्शन किए। यादव समाज धर्मशाला श्रीकृष्ण मंदिर से चल समारोह का शुभारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए समारोह प्राचीन श्रीकृष्ण मंदिर पहुंचा, जहां भगवान को वस्त्र भेंट किए गए। यादव मोहल्ला स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। फूलों में राधा कृष्ण सजे हुए थे, मंदिर परिसर पर विशेष साज सज्जा की गई।

आज निकलेगा शेषावतार जाहरवीर गोगादेव जी का चल समारोह

- **मुगल आक्रांता महमूद गजनवी से गोगाजी ने लड़ा था भीषण युद्ध**

अनोखा तीर, देवास। शेषावतार जाहरवीर गोगादेव जी का विशाल चल समारोह आज निकाला जाएगा। गोगादेव जी को गोगा पीर, जाहर पीर, गुग्गा जी, राजा मांडलिक आदि नामो से भी जाना जाता है। उनका जन्म राजस्थान के चुरू जिले में ददरेवा गांव में हुआ था। मान्यता है कि गुरु गोरखनाथ के वरदान से रानी बाछ्ल के गर्भ से भादौ सुदी नवमी के दिन गोगादेव जी का जन्म हुआ था। उन्हे राजा जनमेजय का अवतार के रूप में भी माना जाता है, जिन्हे गुरू गोरखनाथ अपने तपोबल के माध्यम से पाताल लोक से गुगल में छिपाकर लाए थे। वे पृथ्वीराज चौहान राजवंश के महान प्रतापी राजा थे, जिनका राज्य सतलुज हांसी से लेकर गुजरात तक फैला हुआ था। सोमनाथ के मंदिर का विध्वंश कर लौट रहे मुगल आक्रांता, लुटेरे महमूद गजनवी से उन्होने भीषण युद्ध किया था। युद्ध में कहीं भी प्रकट हो जाने वाले वीर गोगादेव जी को महमूद गजनवी जाहिरा पीर यानि साक्षात देवता का रूप मानता था। लोक देवता के रूप में पूजे जाने वाले वाल्मिकी समाज के इष्टदेव गोगादेव की नवमी को शहर में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इससे पूर्व महीनेभर तक पवित्र निशानों की शहर के अलग अलग स्थानों पर ढोल धमाकों के साथ ले जाकर भगतजन भजन पूजन करते है। नवमी की शाम को नई आबादी, भवानी सागर, जबरन कालोनी वासुदेवपुरा, अर्जुननगर ईटावा, आवासनगर से पवित्र निशानों का आकर्षक झांकियों के साथ चल समारोह निकाला जाता है। मुख्य मार्ग पर विविध सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों द्वारा चल समारोह का स्वागत किया जाता है। भक्ति भावना एवं धूमधाम से शहर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करता हुआ चल समारोह मीठा तालाब पर पंहुचता है, जहां गोगा मेढ़ी पर महाआरती व महाप्रसादी बंटेगी।

श्री मनकामनेश्वर महादेव की निकली शाही सवारी

- रूद्राक्ष वितरण करने के साथ हुआ भंडारा

अनोखा तीर, देवास। पुराना बस स्टेण्ड स्थित प्राचीन कालीन श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर की भव्य शाही सवारी भादो मास में मोदी परिवार के तत्वावधान में धूमधाम से निकली। ममता कुलदीप मोदी ने बताया कि श्री

मनकामनेश्वर महादेव मंदिर की शाही सवारी बरसते पानी मे भी निकली। बारिश में भी भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़े से लेकर बच्चे, महिलाएं सभी भोले की भक्ति में नृत्यांजली देते हुए पुरे सवारी मार्ग में हर्षोल्लास से झूमते-नाचते धर्म ध्वजा के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराते रहे। सवारी मे बेंड, डिजे, ढोल, ताशे, घोड़े बड़ी संख्या में भक्तजन भिन्न-भिन्न वेश भुषाओ में भोलेनाथ, श्रीकृष्ण, हनुमान जी के वेश में तथा खाटू श्याम की मनमोहक झांकी आदी शामिल हुए। सवारी वापस मंदिर परिसर में पहुचीं। महाआरती पश्चात भंडारा देर रात तक चला। साथ ही श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष वितरण किए गए। इस अवसर पर दिव्या नितिन आहूजा, सत्यनारायण विजयवर्गीय, गोपाल पंडित, रामबनसाल, हीरामणि शर्मा, सोनल ठाकुर सहित भक्तजन उपस्थित थे। बाबा मनकामनेश्वर की कृपा से सवारी भव्यता से निकली।

दलित छात्र की हत्या के आरोपी को फांसी एवं चंद्रशेखर आजाद की रिहाई की मांग

भीम आर्मी ने जन आक्रोश प्रदर्शन कर रैली निकाल राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

अनोखा तीर, देवास। राजस्थान के जलोर की घटना वे विरोध मे भीम आर्मी ने जिला प्रभारी रामप्रसाद दुजावरा के नेतृत्व मे जन आक्रोश प्रदर्शन कर रैली निकाल कलेक्ट्रेट पहुँच कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। कोषाध्यक्ष, आईटी सेल प्रभारी जयकुमार चौहान ने बताया कि राजस्थान में दलित अत्याचार चरम सीमा पर है। गहलोत सरकार दलित विरोधी मानसिकता के चलते यहां आए दिन दलित अत्याचार की घटना होती रहती है। कभी घोड़ी चढ़ने तो कभी मूंछ रखने पर तो कभी पानी पीने पर दलितों को मार दिया जाता है, ऐसी ही अमानवीय घटना है। साइला जालोर में निजी स्कूल में शिक्षक के लिए रखे पानी के मटके से एक 9 साल के दलित मासूम कक्षा 3 के छात्र इन्दर मेघवाल के द्वारा पानी पी लेने पर जातिवादि सवर्ण शिक्षक ने जातिगत भेदभाव करते हुए मासूम की बेरहमी से पिटाई की। जिसके कारण मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पीड़ित परिजनों और भीम आर्मी के स्थानीय कार्यकर्ता न्याय की मांग कर रहे थे तभी प्रशासन ने मामले को दबाने के लिए लाठीचार्ज कर रिश्तेदारों और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को घायल कर भगा दिया। जिसमें कई लोगों एवं महिलाओं

को भी पुलिस के द्वारा गंभीर रूप से घायल कर दिया एवं पीड़ित के परिजनों से मारपीट कर दबाव बना कर जबरदस्ती रात हो जाने के बाद भी शव को जला दिया। जो की मानवता के लिए झकझोर देने वाली घटना है। लेकिन कांग्रेस की गहलोत सरकार लगातार दमन की नीति अपनाते हुए पीड़ित से मिलने जा रहे भीमआर्मी संस्थापक एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. चंद्रशेखर आज़ाद जी को एयरपोर्ट से ही असंवैधानिक रूप से गिरफ्तार कर संवैधानिक, मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है जिसके कारण बहुजन समाज में रोश व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से पीड़ित परिवार को 50 लाख सहायता राशि एवं 2 सरकारी नोकरी एव मामले को फास्ट्रेक कोर्ट में चला कर हत्यारे शिक्षक को अति कठोरतम सजा या फांसी की सजा सुनिश्चित करने, अविलंभ स्कूल की मान्यता रद्द कर स्कूल पर बुलडोजर चलाया जाए। न्याय मांग रहे कार्यकर्ताओं और रिश्तेदारों पर लाठीचार्ज किसके आदेश पर किया गया और इसके पीछे क्या उद्देश्य था इसकी गंभीरता से जांच कर विभागीय कार्यवाही करने एवं कुछ भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगाए गए है, उन्हे तुरंत हटाने परिजनों से मारपीट कर जबरदस्ती शव को रात मे क्यो जलाया इसकी जांच हो और दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही करने पीड़ित परिजनों से मिलने एवं न्याय दिलाने की मांग का समर्थन करने पहुंचे भीम आर्मी संस्थापक एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. चंद्रशेखर आज़ाद की गिरफ्तारी असंवैधनिक एवं मौलिक एवं संवैधानिक अधिकारों का हनन है अविलंभ रिहाई की जाए एवं पीड़ित से मिलने दिए जाने की मांग की है। मांगे पूरी नही होने पर सड़क पर आकर आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान जिलाअध्यक्ष एड. हीरो सोलंकी, पवन आंवले, विक्रम रेकवाल, बाबूलाल, जितेंद्र अटडिया, आकाश तिलोदिया, अनिल जाटव, जीतूजाटव, संतोष, मनीष, राजपाल, धर्मेंद्र, इन्दरसिंह, धीरज, आकाश, मुकेश, अजय, धर्मेंद्र रेकवाल, सहित सेकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक रुख सौ सुख-एक पेड़ एक जिंदगी की थीम पर किया पौधारोपण

- **युवा शक्ति यूथ क्लब व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की नई पहल**

अनोखा तीर, देवास। पौधारोपण से किसी एक व्यक्ति को नहीं बल्कि आसपास रहने वाले सभी लोगों को लाभ होता है। एक पौधा चारों ओर के वातावरण को शुद्ध कर देता हैं। पौधा जब बड़ा होकर पेड़ बनता है तब उसके फूल, फल कोई एक नहीं बल्कि सभी खाते है। पेड़ की छाया इंसानों से लेकर पशुओं सभी को मिलती है। पौधारोपण का एक रुख सौ सुखों के बराबर है व एक पेड़ एक जिंदगी के बराबर ही होता है। ऐसी ही थीम को ध्यान में रखते हुए ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति व युवा शक्ति यूथ क्लब पीपलकोटा के युवाओं द्वारा गांव में पौधारोपण किया जा रहा है। साथ ही सभी ग्रामीणों को पौधारोपण करने का संदेश भी दिया जा रहा है। अध्यक्ष रूपराम पेठारी ने बताया कि पौधारोपण करने के लिए वैसे तो किसी खास दिन की जरूरत नहीं होती। लेकिन यदि कोई अवसर हो तो इससे बेहतर और क्या हो सकता है। बरसात के मौसम में प्रकृति के संरक्षण की याद बनाए रखने के लिए पौधारोपण करने से अच्छा और

कुछ नहीं। सरपंच प्रतिनिधि संतोष प्रजापत व हमारी संस्था के सदस्यों ने गांव में लोगों को खुद की पंसद के पौधे वितरण करने का संकल्प लिया है। ताकि ग्रामीण खुद की पंसद के पौधों को लगाकर उसकी पेड़ बनने तक देखभाल करेंगे। यदि सभी लोग एक-एक पौधारोपण भी करेंगे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति की है। क्योंकि हर कोई अपनी जरूरत के अनुसार प्रकृति से मिलने वाले संसाधनों का उपयोग करता है। इसलिए जब प्रकृति से लेते हैं तो उसे वापस करना भी सभी की जिम्मेदारी है। तभी संतुलन बना रहेगा। जितने भी प्रदूषण हो रहे हैं। इन सभी का कारण प्रकृति में होने वाला असंतुलन है। और इसके लिए मानव ही जिम्मेदार है। अभी भी समय है हम सब अपनी गलतियाँ सुधार लें। इस अवसर पर संस्था सचिव ओमप्रकाश सिटोले, उप सरपंच इलियास खान, बीजेपी मंडल उपाध्यक्ष रेवाराम राठौर, कांग्रेस नेता शिवप्रसाद नागोरी, सचिव प्रहलाद कर्मा, राकेश सिटोले, विनोद, रामचंद्र, रोहित, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गंगाधर राठौर, शिक्षक महबूब खान, इर्शाद, सतीश, प्रेम राठौर, कमाऊद्दीन, सूका, टिनवर, अशोक पेठारी इत्यादि का सहयोग रहा।

इस्कान मंदिर में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व, भंडारा आज

अनोखा तीर, देवास। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी इस्कान मंदिर देवास में धूमधाम से मनाया गया। राधागोपी जी महाभिषेक, छप्पन भोग, संध्या आरती गुरु पूजा आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ठाकुर ने बताया की मोती बंगला स्थित इस्कान मंदिर में प्रातः 4.30 बजे देर रात 12.30 बजे तक

धार्मिक आयोजन हुए। देवास इस्कान प्रमुख श्रीमान राधिका रमण दास प्रभुजी के सानिध्य में जन्माष्टमी पर विशेष प्रवचन, कलश अभिषेक रात 12.30 माहआरती, प्रसादी वितरण किया गया है। 20 अगस्त, शनिवार शाम 4 बजे मंडी धर्मशाला में भक्तो द्वारा श्रील प्रभुपाद व्यास महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसके पश्चात रात 8 बजे भोजन महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है।

न्यूज ट्रेक

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा

अनोखा तीर, सारनी। कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज ब्लॉक घोडाडोंगरी के तत्वाधान में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। ग्रामीण क्षेत्रों की झांकियां सलैया में एकत्रित होकर बगडोना स्वागत द्वारा पहुंची। स्वागत द्वारा से झांकियों का काफिला गाजे-बाजे और अखाड़े के साथ छतरपुर चौक से होते हुए गीता मंदिर सलैया पहुंचा। गीता मंदिर में गांवों से आई झांकियों को

उपहार एवं पढ़ाई के क्षेत्र में अव्वल आने वाले बालक-बालिकाओं को पुरस्कार वितरण किया गया। शोभा यात्रा में अखाड़ा और झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में सलैया, मढ़काढाना, बाकुड़, सेमरताल, कोलगांव समेत 13 गांव की झांकी शामिल हुई। गीता मंदिर में हवन-पूजन आरती के बाद मंदिर में एकत्रित लोगों ने भंडारे की प्रसादी का लुप्त भी उठाया। वहीं पाथाखेड़ा के बजरंग मंदिर के पास स्थिति राधा-कृष्ण मंदिर में भी जन्माष्टमी की जोरदार धूम रही। यादव समाज द्वारा हर साल सलैया गीता मंदिर में भव्य जन्माष्टमी मनाई जाती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजिक लोग मौजूद थे। बगडोना मन रोड़ पर निकली राधा-कृष्ण की झांकियां और शोभायात्रा को देखने लोगों का हुजूम उमढ़ पड़ा।

जन्माष्टमी पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

अनोखा तीर, बनखेड़ी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर में स्टेशन वार्ड हनुमान मंदिर से लेकर कलकुही रोड शंकर चौराहा तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उक्त शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्पहार एवं फल

फूल से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से रुचि मार्केट नव दुर्गा उत्सव समिति, गुर्जर समाज, सर्व ब्राह्मण समाज बनखेड़ी, नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बनखेड़ी, स्वर्ण समाज, कसेरा समाज, फैजान ए मदीना कमेटी सहित अनेक स्थानों पर फल फूल एवं पुष्प हारों से भव्य स्वागत किया गया। साथ ही भगवान श्री कृष्ण-राधा की पूजा-अर्चना की गई। उक्त शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए एवं सभी वर्ग के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा में बहुत ही मनमोहक आकर्षक झांकी बनाई गई। पूरे नगर में भ्रमण के दौरान मदन मोहन की हवेली में प्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन किया गया।

भाजपा नेता की टिप्पणी पर ब्राह्मण समाज ने जताया आक्रोश

अनोखा तीर, इटारसी। पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने जनसमुह को संबोधित करते हुए ब्राह्मणों के खिलाफ अभद्र भाषा टिप्पणी की है और कथावाचकों को स्त्रीलोलुप बताया है। जिसके कारण ब्राह्मण समाज इटारसी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए श्री परशुराम भवन से रैली के रूप में भगवान के

भजन गाते हुए रघुपति राघव राजा राम, प्रीतम लोधी को सद्बुद्धि दे भगवान के साथ स्थानीय पुलिस थाने पहुंचे। शुक्रवार को सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष पं. जितेंद्र ओझा के नेतृत्व में युवा शाखा एवं परशुराम सेना द्वारा स्थानीय थाना प्रभारी को उक्त घटनाक्रम के विरुद्ध उचित कार्यवाही हेतु ज्ञापन सौंपा गया। पुलिस प्रशासन को अवगत कराया कि प्रीतम लोधी के खिलाफ उचित कार्यवाही नहीं कि गई तो समाज भूख हड़ताल करेगा। इस दौरान समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं भारी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।

ब्लॉक फोटोग्राफर एसोसिएशन ने किया पौधारोपण

अनोखा तीर, आठनेर। विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में आठनेर ब्लॉक फोटोग्राफर एसोसिएशन के द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित फोटोग्राफर अध्यक्ष कमलेश लोखंडे, उपाध्यक्ष प्रमोद पिपरौले,

सचिव जीतू लहरपुरे, संरक्षक गुलाब ठाकरे एवं सदस्य दिनेश भरतपुरे, रवि राठौर, दीपक पद्माकर, मयूर एवं अन्य फोटोग्राफर के साथ नप अध्यक्ष सूरज राठौर एवं मदन आजाद उपस्थित रहे।

मथुरा-वृंदावन बना सरस्वती शिशु मंदिर नन्हें-मुन्ने बच्चे बने लड्डू गोपाल

अनोखा तीर, बैतूल। श्री कृष्णजन्माष्टमी के अवसर के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालापाठा में नन्हें-नन्हें बच्चों ने श्री कृष्ण-राधिका का स्वरूप रख आकर्षित प्रस्तुति दी। श्री कृष्ण की लीलाओं पर सजाई गई झाकियां दर्शकों का मन मोह रही थी। इन झांकियों में माखन चोरी करते नन्हें श्रीकृष्ण, पांडवों का अज्ञातवास, गोवर्धन पर्वत उठाए श्रीकृष्ण, कालिया नाग का मर्दन आदि शामिल थी। इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कश्मीरीलाल बत्रा ने की। श्रीमती शारदा जायसवाल, विनोद कुमार दीक्षित ने बताया कि श्रीमती प्रतिभा ताई, श्रीमती वंदना कुंभारे, बालाराम साहू, शेखर सोमण, चंदूमल थारवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोनिका वर्मा ने व आभार प्राचार्य श्रीमती शीला वराठे ने व्यक्त किया।

बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर किया बाल लीलाओं का मंचन

अनोखा तीर, बैतूल। जिले भर में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण-राधा बनकर जहां सभी का मन मोह लिया। वहीं बाल लीलाओं का मंचन कर अपनी अद्भुत कलाकारी का भी प्रदर्शन किया। जन्माष्टमी के अवसर पर नन्हीं बालिका अद्विता ने जहां कृष्ण राधा बन परम्परा का निर्वहन किया। वहीं आधुनिकता के साथ धार्मिकता के संयोजन का अद्वितीय उदाहरण भी पेश किया है।

नगर सरकार का हुआ गठन

● नपाध्यक्ष चौरे ने बनाया अपना सात सदस्यीय मंत्रीमंडल

अनोखा तीर, इटारसी।

स्थानीय नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने अपनी बहुप्रतिक्षित कैबिनेट बना ली है। श्रीकृष्णजन्म अष्टमी पर श्री चौरे ने विभाग प्रभारियों की सूची जारी की। नपाध्यक्ष श्री चौरे द्वारा बनाई गई सात सदस्यीय अध्यक्षीय परिषद में वार्ड क्रमांक 15 से पार्षद कल्पेश अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 22 से पार्षद श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल, वार्ड क्रमांक 23 से पार्षद राकेश जाधव, वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद श्रीमती अमृता मनीष ठाकुर, वार्ड क्रमांक 12 से पार्षद मनजीत कलोसिया, वार्ड क्रमांक 09 से पार्षद श्रीमती मीरा राजकुमार यादव, वार्ड क्रमांक 24 से पार्षद श्रीमती नाजिया बेगम को स्थान मिला है।

- **किस पार्षद को क्या मिला विभाग-** कल्पेश अग्रवाल को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण, श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल को जल कार्य, राकेश जाधव को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, श्रीमती अमृता मनीष ठाकुर को राजस्व एवं बाजार, प्रभारी मनजीत कलोसिया को विधि सामान्य प्रशासन एवं सामान्य प्रयोजन समिति, श्रीमती मीरा राजकुमार यादव को खाद्य, नागरिक, आपूर्ति पुनर्वास एवं नियोजन, श्रीमती नाजिया बेगम को शिक्षा महिला एवं बाल कल्याण समिति का विभाग सौंपा गया है। आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण समिति में प्रभारी कल्पेश अग्रवाल एवं दिलीप गोस्वामी, जिमी कैथवास, श्रीमती ज्योति राजकुमार बाबरिया, अमित विश्वास, श्रीमती अंजलि प्रमोद कलोसिया को सदस्य बनाया गया है। जल कार्य समिति में प्रभारी श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल एवं श्रीमती कीर्ति दुबे, शुभम गौर, कुंदन गौर, श्रीमती वंदना दीपक ओझा, श्रीमती गीतांजली चौधरी को सदस्य बनाया गया है। इसके साथ ही राजस्व एवं बाजार समिति में प्रभारी श्रीमती अमृता मनीष ठाकुर और सदस्य राहुल प्रधान, श्रीमती सीमा भदौरिया, धर्मदास मिहानी, श्रीमती मनीषा कौर बंजारा, अमित विश्वास को बनाया गया है। विधि सामान्य प्रशासन एवं सामान्य प्रयोजन समिति का प्रभारी मनजीत कलोसिया को एवं सदस्य अमित विश्वास, अमित कापरे, शुभम गौर, श्रीमती मनीषा अग्रवाल, संजय ठाकुर को बनाया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति पुनर्वास एवं नियोजन समिति का प्रभारी श्रीमती मीरा राजकुमार यादव एवं श्रीमती मीना साहू, श्रीमती रफतजहां सिद्धीकी, अमित विश्वास, जिमी कैथवास एवं कुंदन गौर को सदस्य बनाया गया है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग समिति के प्रभारी होंगे राकेश जाधव एवं नारायण सिंह ठाकुर, श्रीमती रमा अरविंद चंद्रवंशी, राहुल प्रधान, शुभम गौर, श्रीमती मनीषा कौर बंजारा सदस्य होंगे। शिक्षा महिला एवं बाल कल्याण समिति के प्रभारी श्रीमती नाजिया बेगम एवं सदस्य कन्हैयालाल मिहानी, श्रीमती तुलसा वर्मा, अमित विश्वास, श्रीमती ज्योति राजकुमार बाबरिया, श्रीमती कीर्ति दुबे को बनाया गया है।

पुलिस गिरफ्त से दूर हैं अपराधी

- मजदूरों का हितैषी बनने वाले श्रम संगठन कामगारों की सुरक्षा के मुद्दे उठाने बने लाचार

अनोखा तीर, सारनी।

पाथाखेड़ा की कोयला खदानों में स्क्रैप व्यवसायी संगीन वारदात को अंजाम देने लगे हैं। वहीं पुलिस अमला खाना पूर्ति के लिए गली-कूचे में के कवाड़ियों पर कार्रवाही कर देती है। वास्विक स्क्रैप व्यवसाय करने वाले अपराधी पुलिस की गिरफ्त से कोसों दूर हैं। वहीं मजदूरों का हितैषी बनने वाले श्रम संगठन के नेतागण कामगारों की सुरक्षा के मुद्दे को मैंनेजमेंट और पुलिस के सामने उठाने लाचार बन जाते हैं। 16 अगस्त की रात्री छतरपुर-टू खदान पर कार्यरत हरिशंकर के सर पर बंदूक अड़ाकर बदमाश घड़ी, नकदी रुपए और बत्ती लेकर भाग निकले निकले।

18 अगस्त को 15-20 हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोलकर सुरक्षा गार्डों को बंधक बना लिया। इस बीच वर्कशॉप की दीवार में गड्डा कर कीमती सामान ले जाते। इससे पहले एरिया सुरक्षा और पुलिस टीम के पहुंचते ही बदमाश गार्डों के मोबाइल फेंककर भागने में सफल हो गए। गौरतलब रहे कि सुरक्षा गार्डों में खौफ इतना ज्यादा बढ़ता जा रहा है कि रात्रि पाली में ड्यूटी करने से सब कतराने लगे हैं। कभी नकाबपोश बदमाश कनपटी पर बंदूक अड़ाकर तो कभी गर्दन पर तलवार रखकर खौफ पैदा कर भयभीत करने पर उतारु हो गए हैं। जान हथेली पर रखकर सुरक्षा गार्ड ड्यूटी करने को मजबूर हैं। बावजूद प्रबंधन के गहरी निद्रा से नहीं जागने से सुरक्षा गार्डों में प्रबंधन के प्रति आक्रोश पनप रहा है। मजदूरों का हितैषी बनने वाले श्रम संघों के नेता गार्डों को सुरक्षा प्रदान करने प्रशासन के समक्ष धरना, प्रदर्शन कर घटना का विरोध करने के बजाय पीछे हट रहे हैं। जिससे वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। पाथाखेड़ा क्षेत्र की खदानों में आए दिन अब इस तरह की वारदात हो रही है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस द्वारा वास्तविक अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाए छोटे-मोटे कबाड़ी जो गली, मोहल्ले से कबाड़ खरीदकर अपना जीवन यापन करते हैं। उन पर कार्रवाई कर खूब वाहवाही बटोरी जाती है। लेकिन संगीन वारदात को अंजाम देने वाले और अवैध रूप से स्क्रैप का व्यवसाय करने वाले वास्तविक अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

इनका कहना है

छतरपुर-टू खदान में हुई घटना की जनकारी मुझे नहीं है। उक्त संबंध में चौकी प्रभारी से चर्चा करने के बाद ही बता पाउंगा।

- रोशन कुमार जैन, एसडीओपी सारनी।

तीन सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर बदमाशों ने वर्कशॉप की दीवार में गड्ढा करके चोरी का प्रयास किया था। पुलिस पेट्रोलिंग टीम पहुंचने पर बदमाश भाग निकले।

- नरेश सिंह, मैनेजर, छतरपुर-टू, खदान।

छतरपुर-टू खदान में 16 से 18 अगस्त के बीच दो गंभीर वारदात हुई हैं, जो क्षेत्र के लिए ठीक नहीं है। खदान प्रबंधक की लापरवाही भी सामने आई है। सीआईएसफ की सुरक्षा की मांग की गई है।

- श्रीकांत चौधरी, महामंत्री, एटक, पाथाखेड़ा क्षेत्र।

कुशाभाउ ठाकरे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई जन्मजयंती

अनोखा तीर, बैतूल। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा के पितृपुरूष स्व. कुशाभाउ ठाकरे की जन्मजयंती शुक्रवार के जिला कार्यालय विजय भवन के सामने स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। गौरतलब है कि यह वर्ष स्व. कुशाभाउ ठाकरे की जन्म जयंती का शताब्दी वर्ष है। प्रदेश भाजपा इस वर्ष संगठन स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कुशाभाउ ठाकरे स्मृति उद्यान में स्थित स्व. ठाकरे की प्रतिमा पर जन्मजयंती पर

आयोजित कार्यक्रम में सांसद दुर्गादास उइके, पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल, सुभाष आहूजा, जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष वसंत बाबा माकोड़े, वरिष्ठ नेता रमेश मिश्रा, जिपंच उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, जिलाउपाध्यक्ष रश्मि साहू, इंद्रपाल पुण्डे, जिला मंत्री शक्ति गणपति धुर्वे, सह कोषाध्यक्ष दीपक सलूजा, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, विक्रम वैद्य, नीतू पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी अबिजर हुसैन, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष नरेश फाटे, जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र कुंभारे, जगन उइके, मधु पाटनकर, अरूण श्रीवास्तव, भगवानसिंह भारद्वाज, राजसिंह परिहार एवं पार्षद गण सहित गंज, कोठीबाजार मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मारपीट के बाद दो पक्षों में विवाद

● 11 के खिलाफ मामला दर्ज, सात गिरफ्तार

अनोखा तीर, बैतूल। शहर के राम नगर क्षेत्र में पंडाल लगाने को लेकर गुरुवार की देर रात दो पक्षों में विवाद हो गया। एक समुदाय विशेष ने दूसरे पक्ष के कुछ लोगों के साथ मारपीट कर दी। मारपीट से दूसरे पक्ष में भी तनाव पैदा हो गया और बड़ी संख्या में लोग गंज थाने पहुंच गए। कुछ देर हंगामा भी किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिमाला प्रसाद और अन्य पुलिस अधिकारी गंज थाना पहुंचे। इसके अलावा एसपी सिमाला प्रसाद पुलिस बल के साथ राम नगर क्षेत्र में पहुंची और वहां पर उन्होंने घटना को लेकर लोगों से चर्चा की। साथ ही उन्होंने समझाईश भी दी। इस मामले में पिटाई करने वाले 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें से 7 लोगों को पुलिस ने रात में ही हिरासत में ले लिया है। रात में गंज थाने में प्रदर्शन के बाद पुलिस अधिकारियों की समझाइश पर लोग वापस चले गए। आज दोनों पक्षों को समझाइश देने के लिए गंज थाने में बैठक रखी गई थी। बैठक में एसडीओपी सृष्टि भार्गव समझाने की

कोशिश कर रही थीं। इसी दौरान एक पक्ष के लोग किसी बात को लेकर नाराज हो गए और नारेबाजी करते हुए बैठक छोड़कर बाहर आ गए। इसके बाद वे लोग अम्बेडकर चौक पहुंचे और यहां पर चक्काजाम करने की कोशिश की और नारेबाजी भी की। इस दौरान पुलिस बल भी यहां पहुंचा और लोगों से चर्चा कर उन्हें समझाने की कोशिश की गई। इसी दौरान किसी ने टायर में आग लगा दी और स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश की। लेकिन पुलिस की समझाइश के बाद सभी लोग गंज थाना पहुंच गए थे।

इनका कहना है

पंडाल लगाने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें मारपीट भी की गई। मारपीट करने वाले 11 लोगों के खिलाफ गंज थाने में मामला दर्ज किया गया है। 7 लोगों को रात में ही हिरासत में ले लिया गया। बाकी के लोगों की तलाश की जा रही है। दोनों पक्षों को समझाइश भी दी गई है। अब स्थिति सामान्य है।

- सिमाला प्रसाद, एसपी, बैतूल।

ब्राह्मण समाज ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अनोखा तीर, सिवनी मालवा। नगर में सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार प्रमेश जैन को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि भाजपा नेता प्रीतम लोधी के द्वारा कथावाचकों एवं ब्राह्मण समाज के खिलाफ एक सामूहिक आयोजन में अभद्र टिप्पणी की गई है, जिससे पूरे ब्राह्मण समाज के लोगों में रोष है। ज्ञापन के माध्यम से ब्राह्मण समाज ने कार्रवाई की मांग की है। साथ ही एफआईआर के लिए थाने में भी आवेदन दिया गया है। आपको बता दें कि वीरांगना रानी अवंति बाई लोधी की 191वीं जयंती पर शिवपुरी जिले के बदरवास के ग्राम खरैह में 17 अगस्त को एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता प्रीतम लोधी ने ब्राह्मणों को लेकर कहा कि हमारे लोधी समाज के किसान के यहां अच्छी फसल हुई तो ब्राह्मण भागवत कथा करवाने के लिए कहेगा। सामने आए वीडियो पर गौर करें, तो भाजपा नेता प्रीतम सिंह लोधी का कहना है कि ये आपको 9 दिन रोजाना 7-8 घंटे पागल बनाते हैं। ये सबसे ज्यादा दान की बात करते है। कहते हैं कि, अगर तुम दान दोगे तो भगवान तुम्हें देगा। पूरा गांव दोगे तो और ज्यादा देगा। उनका कहना था कि, इनकी बातों में आकर महिलाएं अपने घरों से घी, शक्कर, गेहूं, चावल चुरा-चुराकर इनके चरणों में अर्पित करती हैं। प्रीतम सिंह के अनुसार, महिलाएं इनकी बातों में इतनी रहती हैं कि, वो दूध, घी, दही अपने बच्चों को खिलाने की बजाय इन्हें दे आती हैं। प्रीतम ने आगे ये भी कहा कि, 9 दिन ये ब्राह्मण पूरे गांव से सामान-दक्षिणा लेता और 9 दिन बाद रफूचक्कर हो जाता है। ये 9 दिन आपको उल्लू बनाने और बातें करने के आपसे 25 से 50 हजार रुपए भी ले लेते हैं। इसके साथ ही प्रीतम लोधी महिलाओं को लेकर अमर्यादित बातें करने से भी नहीं चुके। सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष विकास पाठक ने बताया कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा राष्ट्र समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। राजनीति हो या सामाजिक क्षेत्र, हर क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के लोग अग्रिम पंक्ति में रहें हैं एवं किसी नेता के द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी ब्राह्मण समाज स्वीकार नहीं करेगा। हमारी मांग है कि प्रीतम लोधी पर तत्काल अपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

● अभद्र टिप्पणी को लेकर कार्रवाई की मांग

न्यूज ट्रेक

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम, बच्चों ने धरा कन्हैया का रूप

अनोखा तीर, सोडलपुर। ग्राम के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों को राधाकृष्ण बनाया गया। जिसमें विद्यालय के भैया –बहन राधाकृष्ण के

स्वरुप में सुंदर परिधानों में उपस्थित हुए। इस मौके पर सरस्वती वंदना के पश्चात भैया बहनों ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। जिसका ग्रामीणों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य बालकृष्ण बांके, केवल राम टांक सहित स्कूल स्टाफ मौजूद था। इसी प्रकार ग्राम के आदर्श बाल विकास विद्यालय में भी कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी प्रकार ग्राम के राम मंदिर, माली समाज के मंदिर एवं माहेश्वरी समाज मंदिर में भी हर्षोल्लास से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

भगवान श्रीकृष्ण को लगाए छप्पन भोग, हुई महाआरती

अनोखा तीर, सिराली। नगर सहित क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आयोजन को लेकर मंदिरों की साज–सज्जा की गई। इस त्यौहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। महिलाओं ने छोटे–छोटे बच्चों को कृष्ण के रूप में सजाया, जो आकर्षण का केंद्र रहा।

नगर के राधाकृष्ण मंदिर में विशेष पूजा एवं भजन कीर्तन का आयोजन रखा गया। इधर सांई मंदिर परिसर में भगवान कृष्ण की झांकी सजाई गई। रात्रि में नगर में झांकी निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की के जयघोष लगाए गए, जिससे पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया। झांकी रात्रि 12 बजे राधाकृष्ण मंदिर पहुंची, जहां महाआरती के पश्चात छप्पन भोग की प्रसादी वितरण किया गया।

जन्माष्टमी पर्व उत्साहपूर्वक मनाया

सरस्वती शिशु मंदिर से निकाली शोभायात्रा

अनोखा तीर, मसनगांव। क्षेत्र में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। 2 वर्षों के बाद कोरोना कॉल छटते ही जन्माष्टमी पर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। प्रात :काल से ही मंदिरों में साज सज्जा कर सजावट की गई। ठाकुर जी की मूर्तियों को नए वस्त्र पहनाए गए। भगवान का दूध, दही एवं पंचामृत से अभिषेक किया गया। रात्रि में जन्म के पश्चात महाआरती का

आयोजन किया गया। शाम के समय भजनों की ताल पर ग्रामीण भक्त जमकर थिरके। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के द्वारा भगवान राधा कृष्ण की झांकी निकाली गई। जिसका ग्रामीणों ने घरों के सामने पूजन किया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव पर ग्राम के राधा कृष्ण मंदिर में मंदिर समिति के द्वारा जन्म उत्सव की विशेष तैयारियां की गई थी। मंदिर में सीरीज एवं लाइटिंग लगाकर विद्युत साज–सज्जा से मंदिर को सजाया गया। ग्रामीणों ने घरों में भी लड्डू गोपाल का विशेष श्रृंगार कर झूले पर बैठाकर पूजन अर्चन के पश्चात आरती की गई।

हर्षोल्लास से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

अनोखा तीर, गहाल। माधव ग्राम भारती शिक्षा समिति द्वारा संचालित विभिन्न सरस्वती शिशु मन्दिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिले के ग्राम गहाल, हंडिया, सोडलपुर, सिराली, बघवाड़, हरदाखुर्द,

बालगांव, बावड़िया भाऊ, जिनवान्या, आलमपुर की स्कूलों में कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बच्चे राधाकृष्ण का रूप धरकर स्कूल पहुंचे। स्कूल में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर सुनिल सिंह राजपूत, श्यामसिंह, राजकिशोर, राकेश आचार्य, संदीप उज्जैनिया, शांति दीदी, चंद्रिका दीदी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

बाल गोपाल ने फोड़ी मटकी

युवाओं ने निकाली पालकी

● जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों की धूम ● मठ-मंदिरों की फूलों से की साज-सज्जा

गोंसाई मंदिर में श्री राधाकृष्ण का श्रृंगार

कन्हैया मंदिर में तैयार फूल बंगला

अनोखा तीर, हरदा।

भादौ माह की शुक्ल अष्टमी शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस दिन मठ-मंदिर खासकर राधाकृष्ण मंदिरों को रंग-बिरंगे फूल व विद्युत रोशनी से सजाया गया था। वहीं रांगोली और दीपों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। देर रात नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे जयघोष से शहर का वातावरण भक्ति में डूब गया। शहर के श्री गोंसाईं मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। शहर के टांक चौराहा स्थित सत्यनारायण मंदिर में भी परंपरा अनुसार कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। यहां शाम से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था, जो देर रात तक जारी रहा। इधर, खेड़ीपुरा स्थित धनगर समाज के श्रीराधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी के मौके पर विशेष अनुष्ठान हुआ। हर साल की तरह मंदिर में पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन हुए। इसी तरह अन्य मंदिरों में भी कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। आधी रात तक आरती पूजन व प्रसाद वितरण का दौर चलता रहा।

पालकी में सवार हुए कन्हैया – इधर, इन्दौर रोड पर खंडवा बायपास स्थित हनुमान मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण की पालकी निकाली गई। जो प्रमुख मार्गो से होकर स्थानीय सत्यनारायण मंदिर पहुंची। जहां पालकी का विधिवत समापन किया। कृष्ण पालकी में सैकड़ों युवा शामिल हुए। इस दौरान पालकी यात्रा में 75 फीट का तिरंगा आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसने आयोजन को भव्यता प्रदान की। धर्म रक्षा समिति के सुभाष शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में हजारों लोग शामिल हुए।

पंजरी व माखन-मिश्री का भोग – कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में रात 12 बजे महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इससे पहले मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र की प्रसिद्ध भजन मंडलियों ने अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके अलावा मंदिर में राधाकृष्ण की सजीव झांकी भी बनाई गई। साथ ही भगवान कृष्ण को 56 व्यंजन तथा पंजरी व माखन-मिश्री का भोग लगाया गया। अंत में भक्तों का इसका प्रसाद वितरण किया गया।

तीन दिन में तैयार हुआ फूल बंगला – श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शहर के माहेश्वरी भवन स्थित श्री कन्हैया मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण को फूल बंगले में विराजमान किया है। कलाकार जयकृष्ण चांडक ने तीन दिन की कड़ी मेहनत से फूल बंगला तैयार किया गया। जिसमें मोगरा, रजनीगंधा, कुंद, गुलाब सहित दो रंग के गेंदे के फूलों से प्रभु की मढिया सजाई है। साज-सज्जा में आम के पत्ते की लड़कियां भी इस्तेमाल की गई है। इस आकर्षक सजावट को देखने बड़ी संख्या में लोग कन्हैया मंदिर पहुंचे। जिन्होंनें कलाकार की मेहनत की भरसक प्रशंसा की। उनके साथ माहेश्वरी समाज के सदस्यों का भी सहयोग रहा।

हर्षोल्लास से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बनाया श्रीकृष्ण का वेश

अनोखा तीर, टिमरनी।

नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर सुबह से मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। जहां श्रद्धालुओं ने पहुंचकर विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश, भगवान श्रीराधाकृष्ण सहित भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया। आयोजन को लेकर दिन भर चहल-पहल बनी रही। क्षेत्र के मंदिरों सहित घर-घर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारी की गई। वहीं रात के समय भगवान श्रीकृष्ण की महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया।

हुई महाआरती

...हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता

जन्माष्टमी के इस पावन पर्व पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर छिपानेर जिला हरदा में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चे भगवान राधा कृष्ण के वेश में नजर आए। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्रकांत दुबे, मिथिलेश श्रीवास्तव, राकेश कौशल, सतीश सेजकर, प्रियंका गौतम, मोहिनी पवार, शीतल मालवीय, रोशनी धनगर सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे।

बचपन प्ले स्कूल में हुए कार्यक्रम

शहर के बचपन प्ले स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर एलकेजी और यूकेजी के बच्चे राधा–कृष्ण, सुदामा का रूप धरकर स्कूल आए। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का नाट्य रूपांतरण किया गया। जिसमें कन्हैया के जन्म होने के तुरंत बाद अर्द्धरात्रि में वसुदेव यमुना नदी पार कर बाल कृष्ण को नंद बाबा के घर लेकर पहुंचे।

नन्हे मुन्नों ने बनाया कन्हैया के वेश

गायत्री विद्या मंदिर नौसर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। इसमें स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चे राधाकृष्ण का वेश बनाकर स्कूल पहुंचे। स्कूल में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था संचालक योगेंद्र मौर्य ने बच्चों के इस उत्साह को बहुत सराहा और सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।

संकल्प स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

नगर के संकल्प हायर सेकेंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन, श्रीकृष्ण पूजन से की गई। इस मौके पर स्कूल में रांगोली, मटकी डेकोरेशन, पेंटिग, पोस्टर मेकिग व मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्साह से भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल में बच्चे श्री राधाकृष्ण, बलराम का वेश धरकर स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम में प्राचार्य ब्रजेश बड़ोदिया, शिक्षक अनूप बिल्लौरे, राजेन्द्र तिवारी, मयंक अग्रवाल, विवेक कनेरिया, रोहित मालवीय अंजली तिवारी, शिखा तिवारी, सोनाली दुबे, रजनी चौधरी, भूमिका गौर, आदि उपस्थित थे।

भगवान श्रीकृष्ण की सजाई झांकी

हंडिया। श्री कृष्णा जन्मदिन पर्व पर लोधी मोहल्ला से श्रद्धा परिवार के लोगों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की झांकी नगर भ्रमण पर निकाली गई। झांकी नगर के मुख्य चौक चौराहो से होते हुए थाना परिसर पहुंची, जहां थाना प्रभारी की उपस्थिति में बंदीग्रह में श्रीकृष्ण का पूजन अर्चन किया गया। श्रद्धा परिवार से जुड़े सुरेश वर्मा ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा बाजार चौक, थाना परिसर, अग्रवाल मोहल्ला होते हुए निकाली गई। जिसका श्रीकृष्ण भक्तों ने भक्तिभाव से पूजन अर्चन किया।

पुलिस को देख बाईक छोड़कर भागे जुआरी

● पुलिस ने जब्त की 7 मोटर सायकल

अनोखा तीर, खिरकिया।

गुरुवार शाम को कालधड़ रोड पर एक नाले के पास जुआ फड़ पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। अचानक हुई इस कार्रवाई में मौके पर जुआ खेल रहे सभी लोग भाग खड़े हुए। साथ ही मौके से दो तिरपाल, ताश की गड्डी सहित लगभग 1350 रुपए मिले है। छीपाबड़ पुलिस ने मौके से 7 मोटरसाइकिल जब्त की है। सभी वाहनों को छीपाबड़ थाने लाया गया। गौरतलब है कि क्षेत्र में लंबे समय से जुआ और सट्टे की सूचनाएं लगातार जारी है। पुलिस के द्वारा मौके पर पकड़ी गई मोटरसाइकिल के वाहन मालिकों को गाड़ी नंबर से पता कर उन्हें थाने में तलब किया जाएगा। 7 गाड़ियों में से एमपी 47 एमइ 3937 नाम राहुल पिता जगदीश मीणा छीपाबड़ जिला हरदा, एमपी 12 एमवाय 7196 संगीता गणेश लोवंशी ग्राम बंदरिया तहसील हरसूद, एमपी 12 एमएल 4724 अनिल सुंदरलाल कैथवास नगर कॉलोनी गणेश तलाई खंडवा, एमपी 47 एमएफ 5709 विनीत नारायण प्रसाद गार्गव सिराली जिला हरदा, एमपी 12 एमएस 1638 गणेश नर्मदाप्रसाद कुशवाह ग्राम कड़ोली तहसील हरसूद जिला खंडवा ऑनलाइन आरटीओ साइट के माध्यम से नाम निकलकर सामने आए हैं। वहीं दो अन्य मोटरसाइकिल के नंबर ऑनलाइन आरटीओ के

तहत रिकॉर्ड नहीं बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जुआ काफी लंबे समय से चलाया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार जुआ खेलने वाले हरदा खंडवा जिले एवं छीपाबड़ थाने के करीबी ग्राम के ही बताए जा रहे हैं। मोटरसाइकिल के नंबर सहित आरटीओ से मिले नाम के अनुसार आरोपियों को पकड़ना अब काफी सरल नजर आ रहा है। जुए सहित सट्टे का कारोबार आसपास के क्षेत्र में काफी बड़े स्तर पर चलाया जा रहा है। गुरुवार को हुई इस कार्रवाही के बाद अब जल्द अन्य बड़े अवैध कारोबारियों की धरपकड़ पुलिस के द्वारा की जाएगी ऐसा नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

इनका कहना है...

जुआ पकड़ा गया है, मामले में जांच जारी है। फरार आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

उदयभान सिंह
एसडीओपी, खिरकिया।

बीते दिन जुआ पकड़ा गया है। मौके से सभी लोग भाग निकले। 7 मोटरसाइकिल को जप्त किया गया है। गाड़ी नंबर से नाम पता कर सभी को थाने तलब किया जाएगा। इस मामले में जांच जारी है।

संदीप जाट, चौकी प्रभारी
खिरकिया

ग्रामसभा में विकास के कार्यों पर की चर्चा

अनोखा तीर, रहटगांव। करीबी ग्राम पंचायत नजरपुरा के ग्राम उमरधा में सरपंच आशा किरार की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की बैठक में गांव के प्रत्येक घर से ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक में शासन से प्राप्त एजेंडा सरपंच द्वारा पढ़कर सुनाया गया। इसके पश्चात ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ओर शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया। ग्राम सभा मे मुख्यत : ग्राम में स्टेट लाइट, सीसी रोड, नाली निर्माण, चबूतरे के ऊपर छत निर्माण, आंगनवाड़ी

भवन, मंगल भवन में कुर्सी टेबल, ग्राम में मुख्य स्थानों पर बजरीकरण जैसे कार्यो पर चर्चा की गई। सरपंच आशा किरार, उप उप सरपंच दुर्गाप्रसाद चौहान, पंचों, ग्रामीणों की सहमति लिए गए ग्रामसभा के निर्णय पश्चात सरपंच श्रीमती किरार ने शासकीय प्राथमिक शाला भवन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुभाष किरार, सहायक सचिव धीरज चौहान, आंगनबाड़ी सहायिका, जबरसिंग देवड़ा शिक्षक, परमप्रसाद काजले, मंगल सिंह देवड़ा, ध्रुव गौर, चिरोंजिलाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।